दैनिक
भोपाल, ग्वालियर, झांसी एवं शिवपुरी से एक साथ प्रकाशित
राष्ट्रवादी विचार धारा
RNI -MPHIN/2021/85532
जय खेड़ापति सरकार
# नवनीत एक्सप्रेस
न डरते है न डराते है, सच उजागर करते हैं
वर्ष 04 अंक 336 संपादक - संपादक मनीष तिवारी | शिवपुरी,शुक्रवार 08 अगस्त 2025 | Email ID navneetexpress33@gmail.com | पृष्ठ - 08 मूल्य - 02 रू.

# पीएम मोदी की ट्रंप को दो टूक

## पीएम मोदी की ट्रंप को दो टूकः किसी भी कीमत पर किसानों के हितों से समझौता नहीं करेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अमेरिका की ओर से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के मसले पर पहली बार पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। देश में हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन के शताब्दी जन्म समारोह पर आयोजित इंटरनेशन कांफ्रेंस में पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए हमारे किसानों का हित सर्वोपरि है। भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। मुझे व्यक्तिगत तौर पर पता है कि इसके लिए मुझे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। लेकिन, मैं इसके लिए तैयार हूं। आज भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के लिए तैयारी है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज हम विविधता के बारे में बात कर रहे हैं। पूरी दुनिया में विविधता आ रही है और हमारी सरकार इसे बचाने के लिए कई कदम उठा रही है। लेकिन, डॉ स्वामीनाथन ने एक कदम आगे बढ़कर काम किया। उन्होंने बायो-हैपिनेस का विचार दिया। आज हम यहां उनके इसी विचार का उत्सव मना रहे हैं। डॉ स्वामीनाथन कहा करते थे कि जैव विविधता के बल पर हम स्थानीय लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं। फिर बीती रात उन्होंने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के बार-बार बयान देने के बावजूद भारत सार्वजनिक तौर पर कोई बयान देने से बचता रहा है। उनसे मसले को बातचीत से सुलझाने की कोशिश की। अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर गंभीर बातचीत हुई लेकिन, डेयरी और कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए खोलने की डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की मांग पर बातचीत टूट गई। भारत ने स्पष्ट कर दिया वह इस सेक्टर को किसी भी कीमत पर नहीं खोल सकता।

## साल के अंत में भारत दौरे पर आ सकते हैं व्लादिमीर पुतिन

### एनएसए डोभाल ने दी जानकारी




मॉस्को, एजेंसी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के अंत में भारत का दौरा कर सकते हैं। यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने साझा की है। यह फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन का पहला भारत दौरा होगा। एनएसए डोभाल ने रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी और उच्च-स्तरीय बातचीत पर जोर दिया डोभाल की यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के बाद हो रही है और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों के संदर्भ में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुतिन आखिरी बार 6 दिसंबर 2021 को भारत आए थे। उस 4 घंटे की यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने 28 समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे, जिनमें सैन्य और तकनीकी सहयोग से जुड़े समझौते भी शामिल थे। 2021 के दौरे में 2025 तक द्विपक्षीय व्यापार को 30 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। आगामी यात्रा से दोनों देशों के बीच 2030 के लिए एक नया आर्थिक रोडमैप तैयार होने की उम्मीद है।

## संसद का मानसून सत्रः 14वें दिन भी विपक्ष का जोरदार हंगामा, लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

### एसआईआर को लेकर खत्म नहीं हो रहा रार



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

संसद के मानसून सत्र का 14वां दिन विपक्षी हंगामे की भेंट चढ़ गया। बिहार एसआईआर (स्पेशल इंवेस्टिगेशन रिपोर्ट) को लेकर विपक्षी दलों के तीखे विरोध और नारेबाज़ी के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ गई।

इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संसद में जोरदार प्रदर्शन करते हुए एसआईआर पर चर्चा की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि बिहार में सामने आई रिपोर्ट में गंभीर संवैधानिक और सामाजिक सवाल उठे हैं, जिन पर संसद में चर्चा अनिवार्य है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह को पत्र लिखकर इस विषय पर चर्चा कराने की मांग की थी। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब में कहा कि कोर्ट में लंबित मामलों पर संसद में चर्चा नहीं हो सकती, इसलिए नियमों के तहत एसआईआर पर बहस की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हंगामें के चलते कार्यवाही बाधित रही जिस कारण लोकसभा में आज प्रस्तावित दो अहम विधेयकों नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) बिल, 2025 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने पर फैसला नहीं हो सका।

## सुप्रीम कोर्ट अनुमति देगा तो मधुरी लौटेगी कोल्हापुर नंदिनी मठ

### सीएम फडणवीस बोले- मधुरी को वापस लाने की हर संभव कोशिश




**कोल्हापुर एजेंसी।**

महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित नंदिनी मठ की हाथिनी 'मधुरी' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि यदि सुप्रीम कोर्ट अनुमति देता है, तो हाथिनी मधुरी को वंतारा से वापस कोल्हापुर लाया जाएगा। उन्होंने इसे अच्छी खबर बताते हुए सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की।

## एसआईआर मसौदे पर राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं

- मतदाताओं से सीधे 5,015 दावे और आपत्तियाँ मिली
- भारत निर्वाचन आयोग ने दिया बयान




नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने कहा कि बिहार मतदाता सूची के मसौदे के संबंध में किसी भी राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने दो टूक कहा कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता को न छोड़ा जाएगा और न ही किसी अपात्र मतदाता को शामिल किया जाएगा। चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को प्रकाशित बिहार की मतदाता सूची के मसौदे में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए दावे और आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अपील की है। हालांकि, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चुनाव आयोग ने कहा कि उन्हें आज तक मसौदा सूची के संबंध में मतदाताओं से सीधे 5,015 दावे और आपत्तियाँ मिली हैं। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए मतदाताओं से मिले फॉर्म 27,517 हैं। नियमों के अनुसार, दावों और आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ/एईआरओ) द्वारा 7 दिनों की समाप्ति के बाद किया जाना है। एसआईआर के आदेश के अनुसार, 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची से किसी भी नाम को ईआरओ/एईआरओ द्वारा जांच करने और निष्पक्ष और उचित मौका दिए जाने के बाद स्पष्ट आदेश पारित किए बिना नहीं हटाया जा सकता है। बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है। विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक ने आरोप लगाया है कि पुनरीक्षण प्रक्रिया से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं। वे इस साल के मानसून सत्र की शुरुआत से ही बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की नई अर्जी पर 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा, जिसमें एसआईआर अभियान के बाद बिहार की मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए 65 लाख मतदाताओं के आंकड़ों का खुलासा करने की मांग की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### गढ़चिरौली में ट्रक की चपेट में आने से चार नाबालिग लड़कों की मौत, दो घायल

**नागपुर।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में ट्रक की चपेट में आने से चार नाबालिग लड़कों की मौत और दो अन्य घायल हो गए, यह खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। यह एक दिल दहला देने वाली घटना है। यह दुर्घटना गुरुवार की सुबह आरमोरी-गढ़चिरौली राजमार्ग पर हुई, जब 12 से 16 साल की उम्र के छह लड़के सड़क किनारे बैठे थे। एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसके परिणामस्वरूप चार लड़कों की मौके पर ही मौत हो गई और दो घायल हो गए। इस दुखद घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर कहा कि इस कठिन समय में सरकार उनके साथ है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। घायलों को बेहतर इलाज के लिए नागपुर ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था भी की गई है।

### एक एचआईवी संक्रमित लड़की ने 19 मर्दों को एचआईवी ग्रसित किया....कई पुरुष शादीशुदा

**नैनीताल।** उत्तराखंड के रामनगर कस्बे का एक परेशान करने वाला मामला सामने आया है। जहां कथित तौर पर नशे करने वाली 17 वर्षीय लड़की ने तेजी से एचआईवी फैलाया है। बीते डेढ़ साल में कम से कम 19 मर्द एचआईवी से ग्रसित हो गए हैं। इन लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं थी कि जिस लड़की के साथ वे संबंध बना रहे हैं, वहां लड़की एचआईवी से पीड़ित है। एक युवक ने पोस्ट कर दावा किया है कि लड़की के संपर्क में आए पुरुषों को पता ही नहीं था कि वे एचआईवी पॉजिटिव है। उसमें से कुछ कथित तौर पर विवाहित थे, जिससे उनकी पत्नियों में वायरस फैल गया। युवक ने ट्वीट कर लिखा, नैनीताल में एक 17 वर्षीय लड़की ने 19 युवकों को एचआईवी दिया। वह नशे की आदी थी, और अपनी लत को पूरा करने के लिए उसने पुरुषों के साथ शारीरिक संबंध बनाए। पुरुषों को पता ही नहीं था कि लड़की को एचआईवी है। लड़की ने कुछ विवाहित पुरुषों के साथ भी संबंध बनाए, जिससे अब उनकी पत्नियों को भी एचआईवी हो गया।

### हिमाचल प्रदेश में मानसून की तबाहीः कुफरी में कोरोना काल जैसे हालात

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस साल मॉनसून की भारी बारिश ने काफी तबाही मचाई है, इससे पर्यटन कारोबार को बड़ा नुकसान हुआ है। शिमला, मनाली और अन्य पर्यटक स्थलों में पर्यटकों की संख्या लगभग न के बराबर हो गई है। आलम ये है कि कुफरी जैसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थल में भी दुकानों पर ताले लटके हैं और चारों तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है, इससे स्थानीय कारोबारियों को कोरोना काल जैसे हालात की याद आ गई है। घोड़े चलाने वाले बिशन सिंह जैसे कई स्थानीय लोगों की आजीविका पर संकट आ गया है, क्योंकि पिछले डेढ़ महीने से उनकी कमाई ठप है। उनका कहना है कि घोड़े का खर्च और घर चलाना मुश्किल हो गया है। टैक्सी ड्राइवर राजीव कुमार और दुकानदार सुरजीत सिंह जैसे लोगों के लिए तो दिहाड़ी और दुकान का किराया निकालना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का

### सदन में पूरी तैयारी से आएं मंत्री

## प्रदेश में आई बाढ़ को लेकर एक्शन मोड में सीएम,अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी; मानसून सत्र पर बनाई रणनीति



**लखनऊ.**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को सभी मंत्रियों के साथ अहम बैठक की। इसमें सीएम ने मंत्रियों को प्रदेश के विकास के संबंध में टॉस्क सौंपे। साथ ही उन्हें अधिकारियों के साथ लेकर विजन-2047 के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा इस डॉक्यूमेंट में प्रदेश के विकास के लिए सेक्टरवार लक्ष्य भी शामिल होने चाहिए। इसके अलावा सीएम ने मंत्रियों के साथ 11 अगस्त से शुरू हो रहे विधानमंडल के मानसून सत्र के अलावा बाढ़ राहत और तिरंगा यात्रा से क्रियाकलापों को लेकर भी रणनीति पर चर्चा की। सीएम ने सभी मंत्रियों को सत्र के बाद अक्तूबर तक अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में रहकर बाढ़ प्रभावितों की मदद में जुटे रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने विजन डॉक्यूमेंट में यूपी को विकसित बनाने के लिए लक्ष्य तय करते समय यह भी सुझाव मांगे हैं कि कौन-कौन सी योजनाओं में और सुधार की जरूरत है। वहीं, प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ की विभिषिका को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों से कहा है कि बाढ़ का पानी घटने के बाद भी नागरिकों को बीमारी और खान-पान की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए सभी लोगों अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में अक्तूबर तक डंटे रहने और राहत कार्य, मकान गंवाने वालों के पुनर्वास, प्रभावितों के खान-पान और संक्रामक बीमारी और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की गहन मानिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने 11 अगस्त से शुरू हो विधानमंडल सत्र के दौरान विपक्षी हमले से निपटने की रणनीति भी समझाई। उन्होंने कहा कि सभी मंत्री अपने विभागों के संबंधित सवालों पर पूरी तैयारी के साथ जवाब दें। विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दे पर स्पष्ट और कम शब्दों में ही जवाब दें। सीएम ने कहा, सुचारू रूप से सदन चलाने के लिए जरूरी है कि सत्ता पक्ष के लोग विपक्ष के सवालों का संतोषजनक जवाब दें।

## विधानसभा में मोहन सरकार का शर्मसार कबूलनामा, राज्य में शिशु मृत्यु दर अधिक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विधानसभा में माना कि राज्य में शिशु मृत्यु दर अधिक है। उन्होंने इसके पीछे गरीबी, कुपोषण, बाल विवाह, कम साक्षरता, और कम उम्र में गर्भधारण जैसी सामाजिक-आर्थिक वजहों को जिम्मेदार ठहराया है। मंत्री ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोरी को इसका कारण मानने से इंकार किया। मध्य प्रदेश में शिशु मृत्यु दर देश में सबसे ज़्यादा है। मंत्री ने बताया कि 2022 में जहां देश की औसत मातृ मृत्यु दर 97 थी, वहीं मध्य प्रदेश में यह 173 दर्ज की गई। 2012 से 2020 के बीच देश में मातृ मृत्यु दर में 45.51 प्रतिशत की कमी आई, जबकि मध्य प्रदेश में यह कमी केवल 24.78 प्रतिशत थी।

## पति बना साधु और कर दी पत्नी की हत्या, 10 साल से अलग रह रही थी पत्नी

**नई दिल्ली।**

दिल्ली के नेब सराय इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने साधु के वेश में आकर अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। यह कपल पिछले 10 सालों से अलग रह रहा था। पुलिस के मुताबिक, 60 वर्षीय प्रमोद झा उर्फ पप्पू बिहार के मुंगेर से साधु बनकर अपनी पत्नी किरण झा के घर आया था। 1 अगस्त को दिल्ली आने के बाद, आरोपी ने अपनी 50 साल की पत्नी पर हथौड़े से हमला कर दिया। इस घटना को एक पूर्व नियोजित हमला बताया जा रहा है। बताया गया है कि किरण पिछले 10 सालों से घरेलू हिंसा की वजह से प्रमोद से अलग रह रही थी। वह अपने बेटे, बहू और पोती के साथ दिल्ली में रहती थीं। प्रमोद के पास आय का कोई स्थिर साधन नहीं था और उसने अपनी पुश्तैनी संपत्ति भी बेच दी थी। वह किरण पर बिहार वापस लौटकर पैसे कमाने का दबाव बना रहा था, लेकिन किरण ने इससे साफ इनकार कर दिया था। किरण की बेटी, रोमा के अनुसार, प्रमोद ने अंतिम संस्कार के लिए बिहार आने पर अपनी हिंसा छोड़ने का नाटक किया था, लेकिन किरण के वापस उसके साथ बिहार जाने से मना करने पर उसने उनकी हत्या कर दी।

## सीएम मान को जान से मारने की धमकी, पन्नू ने फिर दिया भडकाऊ बयान

**अमृतसर।**

स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब में खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर भड़काऊ बयान दे दिया है। इसी के साथ सीएम भगवंत मान को हत्या की धमकी दी गई, जिससे राज्य में हलचल मच गई है। दरअसल पन्नू ने एक वीडियो जारी कर फरीदकोट में मुख्यमंत्री को निशाना बनाने की चेतावनी दी है, साथ ही खालिस्तान समर्थक



गतिविधियों को हवा देने की कोशिश की है। 15 अगस्त को भगवंत मान निशाने पर रहोगे, यह सीधा संदेश वीडियो में पन्नू ने दिया। उसने कहा है, कि फरीदकोट में तिरंगा फहराने का विरोध करेंगे, खालिस्तान का झंडा लहराओ। हिंदू समाज को चेतावनी देते हुए कहा गया, कि यदि वे खालिस्तान का समर्थन नहीं करेंगे, तो खालिस्तान बनने पर हिसाब लिया जाएगा। पंजाब सरकार की लैंड पूलिंग पॉलिसी को लेकर लोगों को उकसाने की भी कोशिश की। पन्नू ने दावा किया है।

### संसद का मानसून सत्रः 14वें दिन भी विपक्ष का जोरदार हंगामा

## लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित एसआईआर को लेकर खत्म नहीं हो रहा रार

**नई दिल्ली।**

संसद के मानसून सत्र का 14वां दिन विपक्षी हंगामे की भेंट चढ़ गया। बिहार एसआईआर (स्पेशल इंवेस्टिगेशन रिपोर्ट) को लेकर विपक्षी दलों के तीखे विरोध और नारेबाज़ी के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ गई। इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संसद में जोरदार प्रदर्शन करते हुए एसआईआर पर चर्चा की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि बिहार में सामने आई रिपोर्ट में गंभीर संवैधानिक और सामाजिक सवाल उठे हैं, जिन पर संसद में चर्चा अनिवार्य है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने उप



सभापति हरिवंश नारायण सिंह को पत्र लिखकर इस विषय पर चर्चा कराने की मांग की थी। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब में कहा कि कोर्ट में लंबित मामलों पर संसद में चर्चा नहीं हो सकती, इसलिए नियमों के तहत एसआईआर पर बहस की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हंगामें के चलते कार्यवाही बाधित रही जिस कारण लोकसभा में आज प्रस्तावित दो अहम विधेयकों नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) बिल, 2025 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने पर फैसला नहीं हो सका। विपक्ष इन दोनों बिलों को जेपीसी के पास भेजने की मांग कर रहा है।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिले में गतिविधियाँ जारीं

## जन अभियान परिषद से जुड़ी समितियों ने निकाली जन जागरण रैली



### तीन चरणों में 15 अगस्त तक चलेगा यह अभियान

निज प्रतिनिधि ग्वालियर।

जिले में ÷हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता ‍= स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग÷ अभियान को प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने के लिये जगह-जगह जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जन अभियान परिषद से जुड़ीं प्रस्फुटन व नवांकुर संस्थायें भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहीं हैं। ग्राम अमरोल व ककरधा की समितियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका , शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से गुरुवार को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता ‍= स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग÷अभियान के तहत जन जागरण रैली निकाली। ज्ञात हो कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने इस अभियान में शासकीय संस्थाओं के साथ-साथ सम्पूर्ण समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए उन्होंने विभागवार गतिविधियों का कलेण्डर भी तैयार कराया है।

### अभियान के प्रति जागृत किया ,रैली निकाली

प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थियों के साथ संवाद बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को इस अभियान के प्रति जागृत किया गया, साथ ही रैली भी निकाली। विकासखंड भितरवार के जन अभियान परिषद के समन्वयक मनोज दुबे ने अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में इस अवसर पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने इस अवसर पर सभी ग्रामीण जनों से कहा कि वे 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों व वाहनों पर तिरंगा अवश्य

# स्काउट गाइड ने पेड़ों को राखी बांध उनकी रक्षा करने का लिया संकल्प

निज प्रतिनिधि ग्वालियर।

ग्वालियर। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरार ग्वालियर के भारत स्काउट एवं गाइड्स के तत्वाधान में वृक्षारोपण एवं पेड़ों को राखी बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया । स्काउट गाइड्स ने पेड़-पौधों को तिलक लगा कर राखी बांधी और पेड़ पौधों को बचाने और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने का संदेश दिया ताकि पर्यावरण अनुकूलित रह सके. इस दौरान वृक्षों की रक्षा करने का भी संकल्प लिया. पेड़ पौधों को राखी बांध कर नीम,पीपल,कनेर,गुलमोहर, गुड़हल के पौधे लगाए । गाइड कैप्टेन डॉ. दीप्ति गौड़ एवं स्काउटर डॉ प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में ये अभिनव आयोजन ओर नवाचारी कार्यक्रम किया गया । उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा यह सिर्फ एक प्रतीकात्मक रस्म नहीं, बल्कि एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव है, जिसमें पेड़ों को भाई की तरह मान उनकी रक्षा का संकल्प लिया है ।पेड़-पौधे हमें जीने के लिए स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं. इनके बिना हमारा जीवन अधूरा है. पेड़-पौधों की वजह से पर्यावरण संरक्षित रहता है. राखी को यूं तो भाई-बहन का अटूट प्रेम का बंधन के रूप में माना जाता है. भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन को लेकर देशभर में तैयारियां शुरू हो गई है.

### कल होगा रक्षाबंधन पर उपसर्गहर

# विधानशिक्षा को जीवन में उतरना ही सच्चा धर्म पालन करना है:आचार्य सुबल सागर

निज प्रतिनिधि ग्वालियर।





परम ।पूज्य आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में एवं सन्मति सुबल पावन वर्षायोग समिति की ओर से नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में 09 अगस्त शनिवार को प्रात: 6 ‍=30 बजे से उपसर्गहर रक्षाबंधन विधान आयोजित किया जाएगा। जिसमे भगवान श्रेयांसनाथ के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लड्डू चढ़ाया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य सुबल सागर महाराज के सानिध्य में जैन समाज के कॉफी परिवार उपसर्गहर रक्षाबंधन विधान के मंडप पर पूजन अर्चना के दौरान 700 नारियल समर्पित करेंगे। इस दिन मुनिराज विष्णु कुमार ने 700 मुनियों पर हुए उपसर्ग को श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन दूर किया था। इस दिन को याद रखने के लिए लोगों ने हाथों में सूत की डोर बांधी थी। तभी से यह दिन रक्षाबंधन पर्व के रूप में जैन समाज के लोग इस त्यौहार को बड़े उत्साह के साथ बनाते है। वही आचार्य सुबल सागर महाराज सहित छह मुनिराजों ओर दो क्षुल्लक महाराजों की पिच्छिका में सकल जैन समाज के बच्चे, महिला ओर पुरुषगण राखियां रक्षासूत्र के तौर पर बांधकर रक्षा दिवस के रूप में पर्व बनाएंगे।

### शिक्षा को जीवन में उतरना ही सच्चा धर्म पालन करना है:आचार्यश्री

आचार्य सुबल सागर महाराज ने चंपाबाग धर्मशील में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मानव को अपनी आत्मा, परिवार, समाज, देश संपूर्ण मानवता और प्राणी मात्र के साथ किस प्रकार का व्यवहार करना इसका कर्तव्य बोध जिस उपासना पद्धति के माध्यम से होता है, वही धर्म महान है। विश्व का प्रत्येक धर्म कर्तव्य के साथ ईमानदारी से जीने की शिक्षा प्रदान करता है। शिक्षा को जीवन में उतरना ही सच्चा धर्म पालन करना है।प्रत्येक व्यक्ति कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो जाए तो विश्व की संपूर्ण समस्याएं स्वत‍= हल हो जाएंगी, विश्व शांति की स्थापना हो जाएगी। प्रवचन से पूर्व आचार्य श्री के चरणों में श्रीफल निर्मल पाटनी, बालचंद्र जैन, प्रवीण गंगवाल, कमलेश जैन, इंजी राजमल जैन, विनय कासलीवाल, वीरेंद्र बाबा, पंकज छाबड़ा, प्रमोद जैन, योगेश बोहरा, विकास जैन आदि ने किए।

# निगमायुक्त ने की सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा

## बकाया सम्पत्तिकर वसूली करने के दिए निर्देश

निज प्रतिनिधि ग्वालियर।



नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा बैठक में सम्पत्तिकर की डुप्लीकेट आई.डी. हटाये जाने एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 तक बकाया वसूली एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक सम्पत्तिकर वसूली करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त मुनीष सिकरवार, उपायुक्त सम्पत्तिकर उत्तम जखैनिया, ए.पी.एस भदौरिया, मुकेश बंसल एवं रजनीश गुप्ता इसके साथ ही समस्त सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी, समस्त करसंग्रहक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन वार्डो में सम्पत्तिकर डुप्लीकेट आई.डी. की संख्या अत्यधिक है एवं जिन वार्डो में वर्ष 2024-25 का सम्पत्तिकर बकाया राशि की वसूली नहीं की गई है, उन वार्डो के सम्पत्तिकर संग्रहकों कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही समस्त सम्पत्तिकर संग्रहकों से दिनांक 31 अगस्त 2025 तक वार्ड में एक भी डुप्लीकेट आईडी नहीं का प्रमाण पत्र दें। अगर किसी भी वार्ड में समय सीमा उपरांत डुप्लीकेट आईडी पाई जाती है तो संबंधित कर संग्रहक जिम्मेदार होगा।

### शत-प्रतिशत वसूली करें

बैठक में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 तक बकाया वसूली करने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो आवश्यकतानुसार दल-बल के सहयोग से शत-प्रतिशत वसूली करें एवं समस्त सम्पत्तिकर उपायुक्तों को भी निर्देशित किया गया कि आप कर संग्राहक एवं आर.आई. से समन्वय कर वसूली में सहयोग करें साथ ही यह भी सुनिश्चित कराया गया कि किसी भी वार्ड में गलत आई.डी. ना बने तथा परीक्षण करें यदि गलत आईडी पायी जाती है तो सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही करें।

### अब वॉट्सऐप पर भी मिलेगी नगर निगम की ऑनलाइन सेवाएं

निज प्रतिनिधि ग्वालियर।

नगर निगम ग्वालियर ने अपनी डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया है। अब नागरिक वाट्सएप चैटबोट के माध्यम से विभिन्न नगरीय सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस नवीन पहल से लोगों को घर बैठे ही अपने शहर की सुविधाओं तक पहुंच मिलेगी। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के द्वारा व्हाट्सएप चैटबौट सेवा चालू की गई है। जिसमें उपभोक्ता अपनी संपत्ति कर एवं जलकर की आईडी को एवं रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को लिखकर अपना संपत्ति कर एवं जलकर की कुल बकाया राशि देखना एवं अपना कर भी ऑनलाइन जमा कर सकता है।यह वाट्सऐप चैटबोट 24 घंटे उपलब्ध रहेगा, जिससे नागरिकों को किसी भी समय सूचना और सेवाएं प्राप्त करने में सुविधा होगी। नागरिकों को आधिकारिक वाट्सऐप नम्बर 7552465110 पर संदेश भेजना होगा और वे तुरंत इन सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। इसके साथ ही https://wa.me/message/MPLyFRwBwQTLEv?src=qr पर क्लीक कर सम्पूर्ण जानकारी मिल सकेगी।

# हिंडोले में बिठाए महाराजश्री, कराया केसर स्नान



## अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के पवित्रा महोत्सव का समापन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

निज प्रतिनिधि ग्वालियर।

अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद द्वारा मनाए जा रहे पवित्रा महोत्सव के तहत गुरुवार को गिर्राज धर्मशाला दौलतगंज में डिंडोला उत्सव (झूलन वल्लभवर सुखदाई) मनाया गया। इस अवसर केसर स्नान व आरती भी हुई। यहां सर्वप्रथम आकर्षक साज सज्जा के साथ डिंडोला की झांकी बनाई, जिसमें कोटा से आए वैष्णवाचार्य शरद कुमार महाराज को बिठाया गया। इसके बाद वैष्णवजन की मंडली ने संगीत के साथ भजन गाए, जिन पर कई श्रद्धालु झूम उठे। महाराज श्री का केसर स्नान कराया गया। आरती की गई, और प्रसादी के साथ इस आयोजन का समापन हुआ। इस मौके पर वैष्णवाचार्य शरद कुमार महाराज ने कहा कि हिंडोले, प्रकृति और छोटे बच्चों का जीवन में महत्व बताते हैं। इसी को धर्म से जोड़कर हिंडोला उत्सव मनाने की परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। जिसमें सजे हुए हिंडोले में भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप को प्रतिष्ठित किया जाता है। इसमें इस बात का खास ध्यान रखा जाता है कि हिंडोले फूल, पत्ते, फल या फिर मोती आदि जैसी प्राकृतिक चीजों से ही सजाए जाते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष मोहन लाल अग्रवाल, सचिव कुम्भन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुरली मनोहर अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, यमुनेश नाहर, रामनारायण शर्मा, रामबाबू अग्रवाल, पुष्पा रस्तोगी, त्रिलोकीनाथ व्यास, सुधा मुखियानी, जमुनादास मुखिया, लक्ष्मण दास सिंघल, पुरुषोत्तम सिंहल, प्रणय अग्रवाल, अनुभव सिंघल, शशि किरण मुखिया, रजनीश व्यास, सीता नाहर आदि उपस्थित रहे।

# गिरवी मकान बेचा,10 लाख रुपए हड़पे

निज प्रतिनिधि ग्वालियर।

**फाइनेंस कंपनी ने खाली कराकर सील किया मकान, पुलिस ने दर्ज किया केस**

ग्वालियर में एक दंपती ने फाइनेंस कंपनी के पास गिरवी रखे अपने मकान का सौदा कर 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। मकान खरीदने और बेचने वालों के बीच अनुबंध के समय तय हुआ था कि मकान बेचने वाला ही लोन की राशि जमा करेगा पर ऐसा नहीं हुआ। लोन की राशि जमा न होने पर फाइनेंस कंपनी ने खरीदार को निकालकर मकान को सील कर दिया। मामले में पुलिस ने विक्रेता के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के वायु नगर की है। ये मकान एवेन्यू कॉलोनी निवासी नीलम राठौर ने खरीदा है। राठौर ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले उन्होंने आकाश देवोलिया एवं उसकी पत्नी चांदनी से एक मकान का सौदा 18 लाख में किया था। सौदा तय होने के समय आकाश देवोलिया ने हमें बताया कि इस मकान पर शुभम फाइनेंस कंपनी से 14 लाख रुपए का लोन है। आप 4 लाख मुझे दे देना और 14 लाख लोन के जमा कर देंगे। उन्होंने बताया कि तय हुआ था कि 18 लाख देने के बाद मेरे नाम रजिस्ट्री करा दी जाएगी। बाद में आकाश ने कहा कि मैं ही सारी राशि फाइनेंस कंपनी को जमा कर दूंगा और अनुबंध करते हुए 10 लाख रुपए ले लिए। कुछ समय बाद शेष 8 लाख रुपए भी आकाश को दे दिए गए।

# सुप्रीम इंडस्ट्रीज का पर्यावरण को लेकर महा आयोजन ,एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत , रोपे एक हजार से भी ज्यादा पौधे,कलेक्टर बोले क्षेत्र की आबो हवा बदलने पेड़ जरूरी

निज प्रतिनिधि ग्वालियर।



मालनपुर /प्रकृति सुरक्षा एवं संरक्षा के तहत सरकार द्वारा देश भर में एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम किए जा रहें है इसी मुहीम के तहत दि सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड मालनपुर के द्वारा मेगा प्लांटेशन प्रोगाम का आयोजन दिनांक 7 अगस्त 2025 को ग्रीन बेल्ट एरिया मालनपुर में एक साथ 1051 पौधे रोपित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन में चंबल संभाग के कमिश्नर मनोज खत्री (आईएएस) के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर भिंड संजीव श्रीवास्तव (आईएएस )तथा अन्य सम्मानीय मंचासीन अतिथि नगर परिषद मालनपुर अध्यक्षा श्रीमती राय श्री मुकेश किरार , पूर्व सरपंच मेहताब सिंह , पूर्व सरपंच मालनपुर सुरेंद्र शर्मा , सीजीएम एमपीआईडीसी डीके श्रीवास्तव , मुख्य नगर पालिका अधिकारी रेहान अली , जी एम (डी आई सी) अमित शर्मा , अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर सुश्री नम्रता सोनी , मुकुल चतुर्वेदी सूर्या रौशनी,आदित्य शुक्ला नोवा,अभिषेक प्रियदर्शी गोदरेज, विष्णु दत्त शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी तथा सुप्रीम इकाइयों के प्लाट हेड आदि की मंचासीन उपस्थिति में आयोजित हुआ यह ग्रीन बेल्ट लगभग 16 एकड़ में डेवलप किया जाना है जिसकी आज दिनांक से शुरुआत हुई जो जल्द ही पूरा प्लांटेशन होकर मालनपुर के लिए एक सौगात सोप दी जाएगी। यह आज के समय की प्रमुख आवश्यकताओं में से है, दिनों दिन हो रहे प्रकृति के दोहन की भरपाई तो हम नहीं कर सकते पर एक अच्छी शुरुआत के साथ आगे बढ़े तो निश्चित रूप से एक स्वच्छ वातावरण बनाने में हम सहयोगी होंगे ऐसे वक्तव्य माननीय अतिथियों के द्वारा दिए गये। इस कार्यक्रम में समस्त अतिथियों का स्वागत- सम्मान कार्यक्रम के पश्चात मंचीय उद्बोधन हुआ जिसमें मंचासीन अतिथियो ने पेड़ों के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण पर लोगों को संबोधित किया तत्पश्चात पौधारोपण कार्यक्रम में सभी ने पौधारोपण किया। सभी अतिथि, समस्त इंडस्ट्रीज के आए पदाधिकारी, विभागीय अधिकारी, प्रिंट मीडिया एवं टेली मीडिया के पत्रकार गण, महिलाएं, स्कूली बच्चे एवं सुप्रीम इंडस्ट्रीज के सभी प्लांट के पदाधिकारी, कर्मचारीयो आदि के द्वारा एक पौधा मां के नाम रोपित किया गया।

खास खबर

### काकाजी के व्यक्तित्व से हमें मिलती है सरलता की प्रेरणा

# पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर को शहरवासियों ने दी पुष्पांजलि एवं भजनांजलि





निज प्रतिनिधि ग्वालियर।

पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर जी की 102 वीं जयंती पर आयोजित पुष्पांजलि एवं भजनांजलि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं शहरवासियों ने स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की तथा भजन गायक नवनीत कौशल द्वारा भजनों के माध्यम से स्व. श्री शेजवलकर को भजनांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत गार्डन में पौधारोपण किया गया। नारायण कृष्ण शेजलवकर प्रशासनिक भवन सिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिंह सिकरवार, पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, यशवंत इंदापुरकर, सभापति मनोज सिंह तोमर, पूर्व मंत्री ध्यानेंद्र सिंह, अनूप मिश्रा, वरिष्ठ नेता कृष्णाचार्य गजेन्द्रगढ़कर, वेदप्रकाश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश राजौरिया, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, पूर्व सभापति गंगा राम बघेल, बृजेन्द्र सिंह जादौन लाल जी, उपनेता विपक्ष रवि तोमर, एमआईसी सदस्य नाथूराम ठेकेदार, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, पार्षद अनिल सांखला, गिर्राज कंसाना, ब्रजेश श्रीवास, श्रीमती मीरा मानसिंह राजपूत, विवेक त्रिपाटी, संजीव पोतनीज, श्रीमती रेखा त्रिपाटी, श्रीमती रेखा अनिल त्रिपाटी, श्रीमती ममता अजय तिवारी, सुश्री भावना कन्नोजिया, श्रीमती अंजना हरीबाबू शिवहरे, वरिष्ठ नेता कमल माखीजानी, रामेश्वर भदौरिया, अशोक शर्मा, डॉ. नीतेश शर्मा, पूर्व पार्षद श्रीमती खुशबू गुप्ता, सतीश बोहरे, जगत सिंह कौरव, धर्मेन्द्र कुशवाह, धर्मेन्द्र राणा, मुकेश परिहार, खेमचन्द्र गुरवानी, जवाहर प्रजापति एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी एवं शहर के नगरीकरणों ने स्व. शेजवलकर को पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य ने स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर (काका जी) को याद करते हुए कहा कि मैं उन सौभाग्यशाली लोगों में से हूँ जिन्हें राजनीतिक जीवन के प्रारंभिक समय में काकाजी का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ है। काकाजी का पूरा जीवन हम सभी को प्रेरणा देता है, उन्होंने कार्यकर्ताओं के जीवन को गढने का कार्य किया तथा कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया और सम्मान दिया। उन्होंने ही हमें सिखाया है कि एक छोटे कार्यकर्ता को बडे दायित्व पर रहकर कैसे सम्मान किया जाता है। उन्होंने ही हमें सिखाया है कि संगठन में हमें समस्या नहीं समाधान बनकर कार्य करना चाहिए। काकाजी के व्यक्तित्व व कृतित्व से हम सभी को सरलता एवं सादगी से जीवन की प्रेरणा मिलती है।

### काकाजी ने दलगत भावना से उठकर कार्य किया: महापौर डॉ. शोभा

महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि काका जी का जीवन एक सच्चे जनप्रतिनिधि और समाजसेवी का जीवन था, उन्होंने हमेशा दलगत भावना से उठकर समाज एवं व्यक्ति के विकास के लिए कार्य किया है। शहर के विकास के लिए उनकी सोच दूरगामी थी। हम सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। सभापति मनोज सिंह तोमर ने पुष्पाजंलि सभा में पधारे सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकगणों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आदरणीय काका जी के राजनैतिक और सामाजिक जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका व्यक्तित्व बडा ही सहज व सरल था।

# आओ नारी शक्ति को भारत की सफ़लता की गाथा बनाएं

भारतीय कौशल नारी सब पर भारी नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित करने की योजनाएं बनाना जरूरी बजट 2026 में नारी शक्ति को चिन्हित कर कार्यबल में भागीदारी की योजनाएं, स्कीम लाना समय की मांग वैश्विक स्तरपर भारतीय नारी की गाथा बहुत ही सम्मानजनक रूप से गाई जाती है, क्योंकि आदि अनादि काल से ही भारतीय नारी शक्ति की अनेक मान्यता प्राप्त कहानियों कथाओं से भी हमें पता चलता है कि नारी शक्ति की शक्ति तो देवी-देवताओं को भी करनी पड़ी थी, हम तो इस कलयुग में इंसान मात्र हैं। इसलिए हमें चाहिए कि नारी शक्ति का सम्मान कर उनको कार्यबल प्रदान करें जिसको भारत के विकास में प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित कर एक फ़रवरी 2026 को आने वाले बज़ट में ऐसी योजनाओं स्कीमों को लाया जाना चाहिए ताकि नारी शक्ति को कार्य बल में उचित भागीदारी मिले और भारत के तेज़ी से विकसित हो रहे पथ को अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

साथियों बात अगर हम नारी शक्ति को कार्यबल के रूप में चिन्हित करने की करें तो, हमने कई क्षेत्रों में देखे हैं कि नारी कार्यबल अपेक्षाकृत रूप से अधिक सशक्त व प्रभावी रिजल्ट देता है। हम अगर नर नारी के कार्यबल की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो, मेरा मानना है कि नारी बल गुणवत्ता में अधिक कुशल दिखेगा। जिसका मैंने खुद ने ग्राउंड रिपोर्टिंग कर सत्यता परखी है। मैंने अनेक शोरूम ऑफिसेस दवाखाना वकील सीए अनेक प्रोफेशनल जगह कंपनियों में वहां के प्रमुख संचालकों, मैनेजरों अधिकृत व्यवस्थापकों से बात की तो उन्होंने भी नारी कार्यबल को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त इमानदार रेगुलर जिम्मेदार ज़वाबदेही में अवल बताया और नारी कार्यबल को प्राथमिकता देने की बात स्वीकार की, क्योंकि नकारात्मक आदतें नारी कार्यबल में नहीं देखने को मिलती जितनी नर कार्यबल में देखने को मिलती है। उसी तरह नेतृत्व शक्ति में भी नारी



कार्यबल अधिक उच्च गुणवत्ता में अग्रणी ही है इसका उदाहरण हमें वैश्विक स्तरपर मूल भारतीय महिलाओं कल्पना चावला कमला हैरिस सहित अनेकों का नाम लिया जा सकता है। साथियों बात अगर हम 1 फ़रवरी 2026 को आने वाले बजट में नारी शक्ति कार्यबल के एंगल से देखें तो आज इसकी कार्य शक्ति बढ़ाने के लिए अधिक बजट एलोकेशन की आवश्यकता है। कुछ ऐसी योजनाएं, इंसेंटिव, छूट दी जानी चाहिए ताकि नारी कार्यबल को प्राथमिकता दिए जाने पर प्रोत्साहन मिले। वैसे भी हम अभी अनेकों निजी कंपनियों में देखते हैं कि वहां नारी कार्यबल को प्राथमिकता दी जाती है जो वर्तमान समय की जरूरत भी है अब वक्त आ गया है कि नारी शक्ति के कार्य बल को बढ़ाने आरक्षण का बंधन भी तोड़ने की ज़रूरत है और उच्च कौशल्या के आधार पर नारी कार्यबल की सेवा राजनीतिक, औद्योगिक शैक्षणिक सहित हर क्षेत्र में ली जानी चाहिए। भारतीय कौशल नारी सबपर भारी की थींम को आगे बढ़ाया जाए साथियों बात अगर हम माननीय पीएम नीति आयोग में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रीयों व विशेषज्ञों से बातचीत की करें तो उन्होंने भी,नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित किया और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को और सक्षम बनाने के साथ-साथ उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया, उन्होंने आज नीति आयोग में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत की।विचार-विमर्श वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत का विकास और दृढ़ता विषय पर आधारित था। अपनी टिप्पणी में कहा कि, जहां जोखिम थे, वहीं उभरता हुआ वैश्विक वातावरण डिजिटलीकरण, ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए और विविध अवसर प्रदान करता है। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को तालमेल का लाभ उठाने और लीक से हटकर सोचने की जरूरत है। उन्होंने भारत डिजिटल की सफलता की गाथा और देश भर में फिनटेक को तेजी से अपनाने, और समावेशी विकास और इसके दृढ़ संकल्प की क्षमता की सराहना की। बैठक में प्रतिभागियों ने उन तरीकों पर व्यावहारिक उपायों की पेशकश की, जिनसे भारत अपने विकास की गति को विवेकपूर्ण ढंग से बनाए रख सकता है। कृषि से लेकर विनिर्माण तक विविध विषयों पर प्रधानमंत्री के साथ विचार और सुझाव साझा किए गए। यह स्वीकार करते हुए कि अंतर्निहित वैश्विक प्रतिकूलताएं जारी रहने की संभावना है, भारत की दृढ़ता को और मजबूत करने के लिए रणनीतिक सिफारिशें भी साझा की गई। इस बात पर सहमति कायम हुई कि अपने लचीलेपन के कारण, भारत अशांत वैश्विक मंच पर एक उज्ज्वल स्थान बनाकर उभरा है। यह सुझाव दिया गया था कि सभी क्षेत्रों में समग्र विकास के माध्यम से इस नींव पर नए सिरे से विकास पर जोर देने की आवश्यकता होगी। हर नारी अपनी प्रतिभा के साथ न्याय कर पाये , अपने अरमानो को पंख लगाने का जज्बा रखे और उन्हें पूरा करने का हौंसला रखे । किसी से कोई खैरात नहीं, कोई पक्षपात नहीं , अपने बलबूते पर मंज़िल हांसिल करने माद्दा रखे।

साथियों बात अगर हम बड़ी संख्या में अभी भी महिलाओं की वर्तमान स्थिति की करें तो, वर्तमान युग में महिलाओं को मात्र भोग विलास की वस्तु बना कर रख दिया गया है। जिसका मूल काम घर में रहकर चूल्हा चौका करना तथा परिवार की देखभाल करना रह गया है। आज के समय जहां विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है वहीं दूसरी तरफ महिलाओं का कुछ ऐसा वर्ग भी है जिन्हें उनके मूल अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। इस कुप्रथा को दूर करने के लिए हर किसी को अपनी मानसिकता बदलने की आवश्यकता है। जब तक हम अपनी मानसिकता को नहीं बदलकर स्त्रियों को साथ नहीं लेंगे तब तक राष्ट्र का सर्वांगीण विकास मुमकिन नहीं हो पाएगा।भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था क्योंकि उसके विकास में पुरुष तथा स्त्रियों का समान प्रयास हुआ करता था। लेकिन जैसे-जैसे स्त्रियों के विकास का अनुपात कम होता गया वैसे वैसे भारत का गौरव भी धूमिल पड़ता गया।भारतीय महिलाओं का इतिहास में योगदान अप्रतिम रहा है। सिर्फ स्वाधीनता संग्राम के समय को देखा जाए तो भारतीय महिलाओं का योगदान अगणनीय ही प्राप्त होगा। स्वाधीनता संग्राम के दौरान महारानी लक्ष्मीबाई, विजयालक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, सरोजिनी नायडू, कमला नेहरु, सुचेता कृपलानी, मणीबेन पटेल अमृत कौर जैसी स्त्रियों ने आगे आकर अपना अप्रतिम योगदान दिया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय कौशल नारी सबपर भारी। आओ नारीशक्ति को भारत की सफ़लता की गाथा बताएं। नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित करने की योजनाएं बनाना ज़रूरी। बजट 2026 में नारी शक्ति को चिन्हित कर कार्यबल में भागीदारी की योजना स्कीम लाना समय की मांग है।

**लेखक – एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया**

कविता

## प्रकृति की नाराज़गी हैं भयंकर...

नाराज़ प्रकृति की नाराज़गी हैं भयंकर,
स्वार्थवश संसाधनों का दोहन निरंतर।
प्रकृति-मानव का संबंध सदियों पुराना,
ऊपर उठाया लाभ चुरा लिया खजाना।
पिघल रहे ग्लेशियर जलवायु परिवर्तन,
असमय बाढ़, सूखा, तूफान, भूस्खलन।
प्राकृतिक विपदाओं से जूझ रहा मानव,
मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका में दानव।
अचानक बाढ़ गांवों का अस्तित्व मिटा,
घटनाओं ने जन-धन का नुकसान लूटा।
इस भीषण तबाही के हम साक्षी बने हैं,
सालों की मेहनत 30 सेकंड लें चलें हैं।

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**



कविता

## रक्षाबंधन

प्यारी-प्यारी बहनों के आनंद उल्लास अभिनंदन का,
भाई बहन का अनुपम प्यार पर्व सुहाना रक्षाबंधन का,
संकल्प सूत्र ये सुंदर पवित्रतम मंगलमय कामनाओं का,
आस विश्वास का संगम भाई बहन की भावनाओं का ।

मजबूत धागा ये आपसी समर्पण रिश्तों के प्रेम का,
शुभकामनाओं भरा त्यौहार भाई के कुशलक्षेम का,
भाई बहन की तकरार, मधुरता व आपसी हर्ष का,
रंग बिरंगे संजीव रंगों में सुवासित उत्सव उत्कर्ष का ।

द्रोपदी ने कृष्ण की कलाई पर बाँधा धागा स्नेह का,
श्री कृष्ण ने चीर बढ़ाया वचनबद्ध आंतरिक नेह का,
पर्व प्यारा सनातन सांस्कृतिक सुंदर परम्पराओं का,
जहाँ पीढ़ी दर पीढ़ी जुड़ाव एक दुजे से खुशियों का ।

भाई करते हैं स्वागत सत्कार छोटी-बड़ी बहनों का,
सावन पूर्णिमा ये रस्म निभा प्यार पाते अपनों का,
भाई को होता है इंतजार बहन के घर आगमन का,
कलाई पर सजी राखी और बहन की मुस्कान का ।

भाई भी वचन देते बहन के मान सम्मान की रक्षा का,
ध्यान रखते पूरी उम्र अपनी बहन प्यारी सी सखा का,
नेह का अटूट बंधन धागा कलाई पर सजा रेशम का,
भाई की बलाओं से सुरक्षा व बहन के अनन्य प्रेम का ।

**– मोनिका डागा आनंद , चेन्नई, तमिलनाडु**
**आपके स्नेह और प्यार का धन्यवाद !**
**रचना ( स्वरचित व सर्वाधिकार सुरक्षित)**



# भारत के खिलाफ ट्रंप का टैरिफ वॉर

बातचीत से पहले दबाव बनाने की कोशिश या बड़ी लड़ाई का संकेत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जिद का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने दुनिया पर सबसे ज्यादा टैरिफ भारत पर थोप दिया है। ट्रंप के ऐलान के बाद दुनिया के दो देशों- भारत और ब्राजील पर सबसे ज्यादा टैरिफ (50 प्रतिशत) लग गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी धमकी के मुताबिक, भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। इस नए ऐलान के बाद भारत पर अब कुल मिलाकर अमेरिका ने 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जिद का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने दुनिया पर सबसे ज्यादा टैरिफ भारत पर थोप दिया है। ट्रंप के ऐलान के बाद दुनिया के दो देशों- भारत और ब्राजील पर सबसे ज्यादा टैरिफ (50 प्रतिशत) लग गया है। ट्रंप का यह फैसला अपने आप में कितना अजीब है कि रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाले देश चीन पर उसने सिर्फ 30 प्रतिशत का ही टैरिफ लगाया है, जबकि भारत पर 50



प्रतिशत थोप दिया है। ट्रंप के ट्रेड फतवों को खारिज कर मोदी ने अमेरिका को भारत की ताकत का अहसास करा दिया है ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के इस जिद भरे फैसले को कैसे देखा जाए क्योंकि अमेरिका इस बात को बखूबी समझता है कि भारत की कोई भी सरकार अमेरिका के दबाव में रूस के साथ अपने कारोबारी रिश्ते को खत्म नहीं कर सकती है। भारत रूस से तेल भी खरीदता रहेगा और व्यापारिक संबंध भी रखेगा। ऐसे में कई जानकारों का यह भी मानना है कि ट्रंप का यह फैसला बातचीत से पहले भारत पर दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा है। याद दिला दें कि, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते और टैरिफ को लेकर बातचीत लगातार जारी है और छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल 25 अगस्त को भारत के दौरे पर आने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐलान के बाद, भारत ने बुधवार को ही इसका जवाब भी दे दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को ही अमेरिका के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए बयान जारी कर कहा कि,फ़हाल के दिनों में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस से भारत के तेल आयात को निशाना बनाया है। हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारे आयात बाज़ार के कारकों पर आधारित हैं और भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किए जाते हैं। इसलिए, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

**लेखक – संतोष कुमार पाठक**




**आस्था** श्रावण माह के शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि दिन शुक्रवार

# नाराज़ प्रकृति की नाराज़गी से भयंकर सैलाब- प्रकृति की मानवीय कृतिय के लापरवाही की चेतावनी तो नहीं?

प्रकृति ने मानव को जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी संसाधन दिए-मानव ने अपने स्वार्थवश इन संसाधनों का दोहन किया? धराली व किन्नौर में आपदा से तबाही - क्या यह आपदाएं प्राकृतिक चक्र है ? या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका भी है? प्रकृति और मानव का संबंध सदियों पुराना है। जहां एक ओर प्रकृति ने मानव को जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी संसाधन-जल, वायु,मृदा,खनिज, वन, जीव-जंतु आदि- प्रदान किए हैं, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया,महाराष्ट्र यह मानता हूं कि मानव ने अपने स्वार्थवश इन संसाधनों का दोहन किया। आज जब पृथ्वी जलवायु परिवर्तन,ग्लेशियरों के पिघलने, असमय बाढ़,सूखा,तूफान, भूकंप, भूस्खलन जैसी तमाम प्राकृतिक विपदाओं से जूझ रही है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह केवल प्राकृतिक चक्र है या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका भी है? हम इसी प्रश्न की पड़ताल करेंगे और तथ्यों के आधार पर यह सिद्ध करेंगे कि धराली व किन्नौर में आपदा से तबाही- क्या यह आपदाएं प्राकृतिक चक्र है या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता? साथियों बात अगर हम,भारत के हिमालयी क्षेत्र,विशेषकर उत्तराखंड का धराली गांव और हिमाचल प्रदेश का किन्नौर, हाल ही में भीषण प्राकृतिक तबाही के साक्षी बने हैं, की करें तो बादल फटने, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, और गांवों का अस्तित्व मिटा देने वाली घटनाओं ने न केवल जन-धन का भारीनुकसान किया, बल्कि एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया- क्या ये आपदाएं केवल प्रकृति की आपूर्ति थीं या मानवीय लालच, अंधाधुंध निर्माण, खनन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों का नतीजा?भारत के हिमालयी क्षेत्र, विशेषकर उत्तराखंड का धराली गांव और हिमाचल प्रदेश का किन्नौर, हाल ही में भीषण प्राकृतिक तबाही के साक्षी बने हैं। बादल फटने, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, और गांवों का अस्तित्व मिटा देने वाली घटनाओं ने न केवल जन-धन का भारी नुकसान किया, बल्कि एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया-क्या ये आपदाएं केवल प्रकृति की आपूर्ति थीं या मानवीय लालच, अंधाधुंध निर्माण, खनन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों का नतीजा?इस लेख में हम धराली और किन्नौर की घटनाओं का विस्तारपूर्वक विश्लेषण करेंगे, और यह समझने की कोशिश करेंगे कि



कैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, असंवेदनशील विकास, और पर्यावरणीय चेतावनियों की अनदेखी ने इन शांत पर्वतीय क्षेत्रों को विनाश के मुहाने पर ला खड़ा किया। (1) बिना पर्यावरणीय मूल्यांकन के सड़कों और सुरंगों का निर्माण हो रहा है। (2) पहाड़ों को डायनामाइट से उड़ाकर हाईवे बनाए जा रहे हैं। (3) जलविद्युत परियोजनाएं नदियों के प्रवाह को रोककर क्षेत्रीय इकोसिस्टम को ध्वस्त कर रही हैं। (4) पेड़ कट रहे हैं, और कंक्रीट के जंगल उगाए जा रहे हैं।इनका परिणाम- (1) ज़मीन की पकड़ कमजोर हो जाती है। (2) पानी का स्तर गिरता है।(3) पारिस्थितिक असंतुलन बढ़ता है। (4) बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं आम हो जाती हैं। चार धाम सड़क परियोजना:- उत्तराखंड में चार धाम सड़क परियोजना के नाम पर हज़ारों पेड़ों की कटाई की गई। पर्यावरणविदों ने पहले ही चेतावनी दी थी कि यह इलाका भूस्खलन-प्रवण है। फिर भी सड़कों को चौड़ा करने के लिए बड़े-बड़े हिस्सों को नष्ट कर दिया गया।पर्यटन का असंवेदनशील विस्तार:- किन्नौर और धराली जैसे क्षेत्र अब फ़टूरिज्म हॉटस्पॉटफ़ बन गए हैं। इसके चलते- (1) अवैज्ञानिक होटल निर्माण हुआ। (2) जैविक अपशिष्ट नदियों में फेंका गया। (3) वॉटर रीसोर्सेज़ पर अतिरिक्त दबाव पड़ा।(4) स्थायी जनसंख्या से अधिक वाहनों का प्रवेश हुआ।- अवैध खनन और निर्माण कार्य(1) किन्नौर के पहाड़ों में अवैध खनन बहुत वर्षों से चल रहा है। (2) स्थानीय लोगों की शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक चुप्पी रही। (3) यह गतिविधियाँ भूगर्भीय अस्थिरता को और बढ़ावा देती हैं, जिसे रेखांकित करना होगा। साथियों बातें कर हम धराली उत्तराखंड के बाद किन्नौर हिमाचल प्रदेश में 6 अगस्त 2025 को बादल फटने की करें तोधराली के बाद हिमाचल प्रदेश में भी हालात खराब दिखाई दे रहे हैं,उत्तरकाशी में नदी के बढ़े जलस्तर व आस-पास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। धराली उत्तरकाशी में सभी सरकारी एजेंसियां, विभाग और सेना आपसी समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं। बीती रात 130 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है। बंद रास्तों को खोला जा रहा है और प्रभावितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तराखंड के सीएम का कहना है,पूरा धराली आपदा की चपेट में आ गया है, और कल की घटना के बाद वहां कई चरणों में मलबा आया है. मैंने आज वहां जाकर लोगों से मुलाकात की, उनसे बात की और घटना की जानकारी ली, आपदा से सब कुछ तबाह हो गया, इसके साथ ही शाम तक सेना के जवानों ने करीब 190 लोगों को बचा लिया है,उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है, अभी घायलों को भी वहां से रेस्क्यू कर उत्तरकाशी लाया जा रहा है,कई जगहों पर भूस्खलन से पूरा संपर्क मार्ग पूरी तरह प्रभावित हुआ है।सरकार सभी व्यवस्थाएं करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, प्रधानमंत्री ने भी हमें हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है,और उनके मार्गदर्शन में हम आपदा पीड़ितों की समुचित मदद करेंगे,यह स्पष्ट है कि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे कटाव, भूस्खलन और सडक़ों के धंसने जैसी आपदाओं के लिए प्रकृति नहीं, बल्कि मानव की अविवेकपूर्ण योजनाएं, लालची विकास मॉडल और पर्यावरणीय उपेक्षा ही मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। जब तक विकास की दिशा में संतुलन और संवेदनशीलता नहीं लाई जाती, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहराती रहेंगी। साथियों बात अगर हम आज पृथ्वी पर पर्यावरण के संतुलनया पर्यावरण को अपने हिसाब से इस तरह महसूस करने की करें तो (1) हिमालय से ग्लेशियरों के पिघलनेकी तेज गतिके चलते समुद्रकाजलस्तर 1.5 मिली मीटर प्रतिवर्ष बढ़ रहा है,जिस कारण वायु प्रदूषण ग्रीन हाइड्रो गैसों के कारण यह सब हो रहा है, दूसरा धरती अपनी धुरी से एक डिग्री तक खिसक गई है,वन तेजी से कम हो रहे हैं व पर्यावरण कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ रहा है (2) पांच जगह पर अधिक खनन हो रहा है,नदी के पास,पहाड़ की कटाई,खनिज धातु खनन, समुद्री इलाकोंमें खनन, पानी के लिए धरती क्षेत्र में बोरिंग रेत गिट्टी हीरा कोयला तेल पेट्रोल के लिए कई हजारों फीट खुदाई। (3) जलवायु में ऑक्सीजन का घटना भी कारण है, क्योंकि जंगलों में कटाई से ऑक्सीजन की मात्रा घटने स्वाभाविक ही है। (4) अल्ट्रा वायरस किरणों का खतरा भी बढ़ गया है। (5) सबसे बड़ा परिणाम हम देख रहे हैं कि जलसंकट गहराता जा रहा है क्योंकि विभिन्न प्रकार के बनाए गए बांध व मानवीय खुराफात के कारण जल अपव्यय हो रहा है।यह सबघटनाएं हम मानवीय खुरापात के कारण हो रही है और हम उन्हें रोकने में असमर्थ हो रहे हैं, अगर हमें पृथ्वी को बचाना है तो पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना होगा, क्योंकि धरती मां को पर्यावरण प्रदूषण से बचाना परम मानवीय धर्म है, साथियों बातें अगर हम जलवायु परिवर्तन और मानवीय हस्तक्षेप की करें तो जलवायु परिवर्तन और उससे उत्पन्न प्राकृतिक आपदाएं अब केवल भविष्य की चेतावनी नहीं, बल्कि वर्तमान की सच्चाई बन चुकी हैं। हर वर्ष हम सैकड़ों जानें, करोड़ों रुपये की संपत्ति, और बहुमूल्य पर्यावरणीय संसाधन खोते जा रहे हैं। इन सबके पीछे यदि कोई सबसे बड़ा कारण है तो वह है-मानव का प्रकृति में अनियंत्रित हस्तक्षेप। अब भी समय है कि हम अपनी विकास की परिभाषा को पुन: गढ़ें-एक ऐसी परिभाषा जो सतत हो, समावेशी हो, और पारिस्थितिकी के अनुकूल हो। यदि हमने अब भी नहीं सीखा,तो प्रकृति का प्रतिशोध कहीं अधिक विनाशकारी होगा,जिसकी कीमत पूरी मानवता को चुकानी पड़ेगी। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नाराज़ प्रकृति की नाराज़गी से भयंकर सैलाब- प्रकृति की मानवीय कृतिय के लापरवाही की चेतावनी तो नहीं?प्रकृति ने मानव को जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी संसाधन दिए-मानव ने अपने स्वार्थवश इन संसाधनों का दोहन किया?धराली व किन्नौर में आपदा से तबाही- क्या यह आपदाएं प्राकृतिक चक्र है? या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका भी है?

**लेखक – एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया**

कविता

## छोटी सी ज़िंदगी है..

छोटी सी ज़िंदगी है, बड़े बड़े हैं झमेले
सुबह शाम लगते रहेंगे यहाँ मेले

जन्म मिलेगा न दोबारा, क्यों हो तुम अकेले
रिश्ते बनाओ और निभाओ, क्यों हैं मन मटमेले
ज़िंदगी की राहें चलती रहेंगी यूँ हीं
क्यों चल दिए हो तुम सामान अपना समेटे

सुख दुःख तो रात और दिन बन कर आते जाते रहेंगे

यहाँ समय ने तो हैं सारे खेल खेले

वही जिंदा दिल रहते हैं दुनिया में
जो जीते हैं बनकर सबसे अलबेले

छोटी सी ज़िंदगी है, बड़े बड़े हैं झमेले
सुबह शाम लगते रहेंगे यहाँ मेले

**वंदना घनश्याला की कलम से**



# प्रगति न होने की स्थिति में अधिकारी कारण स्पष्ट करें: कलेक्टर

## - शाला शिक्षा, जिला शिक्षा, आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले में संचालित छात्र हितग्राही योजनाओं एवं शैक्षिक कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा हेतु गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में शाला शिक्षा, जिला शिक्षा, आदिवासी तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों के अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि छात्र-छात्राओं को साइकिल, लैपटॉप, स्कूटी सहित आवश्यक शैक्षणिक उपकरणों का वितरण शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रगति अपेक्षानुरूप नहीं होने की दशा में संबंधित अधिकारी कार्य में विलंब के कारणों की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश भार्गव, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर सक्सेना, डीपीसी, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग के हरिओम सिंह जादौन, डीईओ ट्रायबल सौरभ सिंह राठौर सहित बीईओ एवं बीआरसी अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री अस्थाना ने बताया कि जिले के कई विकासखंडों में साइकिल वितरण की प्रक्रिया अभी पूर्ण नहीं हुई है, जिसकी पुष्टि समाचार पत्रों में प्रकाशित चित्रों के माध्यम से हुई है। यदि वितरण में तकनीकी कारण, जैसे पोर्टल संबंधी समस्याएं, आ रही हों तो उनका समाधान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों या संस्थानों में प्रगति कम प्रतीत हो रही है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए तथा स्थलीय सत्यापन भी कराया



जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि शासकीय विद्यालय परिसरों में स्थित निष्प्रयोज्य (कंडम) भवनों को तीन दिवस की समय-सीमा में एसडीएम के मार्गदर्शन में ध्वस्त किया जाए, ताकि वे छात्रों की सुरक्षा में बाधक न बने। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि चालू माह की 80 प्रतिशत शिकायतों का संतोषजनक समाधान किया जाए तथा 50 दिवस से अधिक पुरानी शिकायतों की संख्या में 25 प्रतिशत की कमी 20 अगस्त तक सुनिश्चित की जाए। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर एल-1 स्तर पर 25, एल-2 एवं एल-3 स्तर पर 1-1 शिकायत लंबित हैं। कलेक्टर ने इन्हें शीघ्र निरा.त कराने के निर्देश दिए। साथ ही, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना, संघ लोक सेवा आयोग एवं मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों हेतु प्रोत्साहन योजना, तथा छात्रावासों/आश्रमों में नामांकित विद्यार्थियों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। आदिवासी कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिला संयोजक को निर्देश दिए कि जिले में किराये के जिन 23 भवनों में छात्रावास संचालित हो रहे हैं, उनकी अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जो भवन प्रयोजन योग्य नहीं हैं, उन्हें तीन दिवस के भीतर ध्वस्त कराना सुनिश्चित किया जाए।

# इनर व्हील क्लब ऑफमुरैना का स्तनपान जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

**निज संवाददाता**

मुरैना। विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत इनर व्हील क्लब ऑफ मुरैना द्वारा जिला चिकित्सालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं और शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व को बढ़ावा देना तथा इसे सतत विकास की कुंजी के रूप में प्रोत्साहित करना था।



क्लब अध्यक्ष श्रीमती श्वेता महेश्वरी और सचिव श्रीमती साक्षी गोयल के नेतृत्व में अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड को स्तनपान से संबंधित प्रेरणादायक नारों और उद्धरणों से सजाया गया। यह पहल एक स्थायी जागरूकता परियोजना के रूप में की गई है, जिससे अस्पताल में आने वाली नई माताओं और परिवारों को लगातार जानकारी और समर्थन मिलता रहे। इस अवसर पर क्लब की सदस्याएं श्रीमती आरती कोठारी, नीरज गुप्ता, श्रीमती अंजलि जैन, श्रीमती स्वाति मंगल, डॉ. सुधा महेश्वरी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने सक्रिय रूप से रोगियों और अस्पताल कर्मचारियों से संवाद किया और माताओं को शिशुओं के लिए स्तनपान के लिए प्रोत्साहित किया।

# त्योहार को देखते हुए खाद्य विभाग ने चार दुकानों पर भरे सैंपल

**निज संवाददाता**

मुरैना। रक्षाबंधन के त्योहार को देखते हुए खाद्य औषधि निरीक्षक की टीम ने कैलारस क्षेत्र में गुरुवार को मिष्ठान भंडार पर पहुंचकर निर्मित मिठाइयों के सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे हैं।खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल प्रताप सिंह परिहार एवं महेंद्र सिंह सिरोहिया ने कैलारस में चार स्थानों पर कार्रवाई करते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। खाद्य औषधि निरीक्षक की टीम ने एमएस रोड पर स्थित चौपाल कैफे से बेसन, मैदा के नमूने लिए। मोर मुकुट मिष्ठान भंडार से पनीर एवं बेसन के लड्डू, सोन पपड़ी के नमूने लेकर सैंपल की कार्रवाई की गई। तीसरी कार्यवाही गोयल मिष्ठान भंडार पर की गई, यहां से मावा का नमूना लिया गया। इसके पश्चात श्रीराम मिष्ठान भंडार स्टेशन के सामने से मावा बर्फी बूंदी के लड्डू की सैंपलिंग कर सभी सैंपलों को जांच के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के पश्चात आगे की कार्यवाही की



जाएगी।

### पोरसा में 6 मिठाई भंडार से भरे सैंपल

खाद्य स्वास्थ्य निरीक्षक की टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई के तहत गुरुवार को ही खाद्य निरीक्षक गिरीश राजोरिया द्वारा पोरसा क्षेत्र में रक्षाबंधन के त्यौहार के चलते मिष्ठान भंडारों से सैंपल लेने की कार्रवाई की गई। उनके द्वारा अग्रवाल स्वीट पोरसा से मावा, पंडितजी हलवाई से मावा, बालाजी स्वीट्स से मलाई बर्फी, गुरुदेव मिष्ठान से मावा, श्रीजोधपुर मिष्ठान से सोनपापड़ी, सोयाबीन तेल, गर्ग मिष्ठान से सोन पपड़ी आदि के सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

### बानमोर और मुरैना में भी सैंपलिंग की कार्रवाई

खाद्य औषधि निरीक्षक अवनीश गुप्ता द्वारा बानमोर में शुभांगी नाश्ता भंडार के यहां मिल्क केक एवं मावा के पेड़ा का सैंपल भरा गया है तो वहीं कस्तूरी मिष्ठान भंडार से इमरती, सोन पपड़ी एवं बूंदी के लड्डू का सैंपल भरकर जांच के लिए भेजा गया है। इसके अलावा मुरैना में पंडित स्वीट्स के यहां से लड्डू एवं मावा बर्फी के सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

# विधानसभा में कांग्रेस ने व्यापम घोटाले का प्रतीकात्मक पुलिस की वर्दी पहनकर अनोखे ढंग से किया विरोध

**निज संवाददाता**

मुरैना। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आदरणीय उमंग सिंगार के नेतृत्व में मुरैना विधानसभा के विधायक दिनेश गुर्जर ने व्यापम घोटाले के चलते पुलिस भर्ती चयन प्रक्रिया में हुई धांधली को उजागर कर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए स्वयं मुरैना विधायक ने प्रतीकात्मक पुलिस की वर्दी पहनकर अनोखे ढंग से विरोध प्रदर्शन किया। अब चुप नहीं बैठेंगे, न्याय की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी।विरोध प्रदर्शन के दौरान विधायक द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश में बढ़ते व्यापम घोटाले के पीछे कई नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यवसायियों का हाथ है। भाजपा सरकार में व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं में



बिचौलियों, उच्च पदस्थ अधिकारियों एवं राजनेताओं की मिली भगत से रिश्वत के लेनदेन और भ्रष्टाचार के माध्यम से बड़े स्तर पर धांधली की जा रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण है कि मध्य प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा में बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है। असली उम्मीदवारों की जगह नकली सॉल्वर परीक्षा दे रहे थे। जांच में फोटो, सिग्नेचर, हैंडराइटिंग और फिंगरप्रिंट मेल नहीं खा रहे, फर्जी आधार कार्ड के जरिए 7411 पदों की पुलिस भर्ती में सरेआम धांधली हुई है। भाजपा सरकार अपने इस घोटाले के बाद भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को संरक्षण देकर युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।विधायक दिनेश गुर्जर ने प्रेस के माध्यम से सरकार से मांग की है कि ये घोटाला व्यापम पार्ट 2 है और इसकी निष्पक्ष न्यायिक जांच कर दोषियों को सजा दी जानी चाहिए और मध्य प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को न्याय मिलना चाहिए। आगामी समय में व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में घोटाला व भ्रष्टाचार ना हो, जिससे मध्य प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके।



# राजस्व के मूल कार्य से पृथक किए जाने का आदेश निरस्त करने की मांग को लेकर हड़ताल

**निज संवाददाता**

मुरैना। राज्य शासन द्वारा राजस्व अधिकारियों के न्यायिक और गैर न्यायिक विभाजन पर राजस्व अधिकारियों द्वारा एक बार फिर से विरोध प्रदर्शन आरंभ कर दिया गया है। इसके तहत मुरैना में राजस्व अधिकारियों ने हड़ताल की और मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। राजस्व अधिकारियों ने कहा कि संवर्ग की भावनाओं का ध्यान रखते हुए इस विभाजनकारी योजना को तथा राजस्व अधिकारियों को राजस्व के मूल कार्यों से पृथक करने के आदेशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जावे, ताकि संवर्ग में एक सोहाद्रपूर्ण प्रशासनिक वातावरण बना रहे।

# बानमोर अंबा सरिया फैक्ट्री पर इनकम टैक्स की टीम का छापा, दूसरे दिन भी कार्यवाही जारी

**निज संवाददाता**

मुरैना। बानमौर इंडस्ट्री एरिया में संचालित अंबा सरिया फैक्ट्री में इनकम टैक्स(आईटी) की टीम द्वारा छापामार कार्यवाही बुधवार की शाम को की गई जो दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रही बताया जाता है कि उक्त टीम में ग्वालियर दिल्ली और मुरैना के अधिकारी शामिल हैं। टीम को जानकारी मिली कि उक्त फैक्ट्री मलिकों द्वारा भारी भरकम टैक्स की हेराफेरी की गई है। कार्रवाई के दौरान जो जहां पर था, उसे वहीं रुकना पड़ा है, कोई भी फैक्ट्री के अंदर से बाहर या बाहर से अंदर नहीं हो पा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बानमोर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अंबा सरिया प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में इनकम टैक्स की छापा मार कार्यवाही चल रही है। उक्त



कार्रवाई 6 जुलाई की शाम 4:00 बजे से निरंतर जारी है। इनकम टैक्स अधिकारियों द्वारा फैक्ट्री अधिकारियों तथा कर्मचारियों के मोबाइल जप्त कर लिए हैं। बताया जाता है कि इससे पूर्व भी उक्त फैक्ट्री में इनकम टैक्स की कई बार रेड पड चुकी है। अंबा सरिया फैक्ट्री प्रबंधक संजीव गुप्ता ग्वालियर तथा कमल गोयल फैक्ट्री प्रबंधक दिल्ली दोनों पार्टनर हैं। दिल्ली से आई इनकम टैक्स की टीम द्वारा पहले दिल्ली में संचालित अंबा सरिया फैक्ट्री के कागजों को खंगाला, उसके बाद बानमोर में फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मुरैना इनकम टैक्स के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क किया गया, मगर उनसे संपर्क नहीं हो सका है।

# जिला सीईओ ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले में स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन एवं महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु ÷स्थानीय उत्पादों का मेला÷ का आयोजन पंडित रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय परिसर में किया गया। इस आयोजन में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा स्टॉल एवं दुकानों के माध्यम से अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया गया। इस मेले का अवलोकन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश कुमार भार्गव ने किया। उन्होंने मेला परिसर में भ्रमण कर महिलाओं द्वारा सजाए गए स्टॉलों और प्रदर्शनी की सराहना की।प्रदर्शनी में हर घर



तिरंगा, हर घर स्वच्छता थीम के अंतर्गत तिरंगा विक्रय तथा स्व-सहायता समूहों के विविध उत्पादों की बिक्री की गई। इसके अतिरिक्त आजीविका रूरल मार्ट के माध्यम से विभिन्न हस्तनिर्मित एवं स्थानीय उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया। गुरुवार को ज्ञानेश्वर मंदिर परिसर, पुरातत्व संग्रहालय के समीप इस मेले का आयोजन किया गया, जो स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। स्वयं सहायता समूहों की ÷दीदियों÷ ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए तिरंगे और अन्य उपयोगी वस्तुओं की बिक्री की।

# कार से अवैध शराब मुरैना में खपाने लेकर आए दो तस्कर गिरफ्तार, 4 लाख की शराब बरामद

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले की नूराबाद थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह सांक नदी के पुल पर चेकिंग के दौरान धौलपुर से बिक्री के लिए एक हुंडई गाड़ी में अवैध शराब भरकर ला रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 4 लाख रुपए कीमत की बरामद की है और कार को भी जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है।उनि. अतुल सिंह परिहार थाना प्रभारी नूराबाद को गुरुवार की सुबह मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि धौलपुर तरफ से एक सफेद रंग की कार के माध्यम से बडी मात्रा में




अवैध शराब की तस्करी हेतु ले जाई जा रही है। उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी नूराबाद द्वारा सांक नदी के पुल पर चैकिंग लगाई गई, तभी धौलपुर तरफसे एक सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 07 सीसी 2926 आती हुई दिखी, जिसे फोर्स की मदद से रोककर चौकिंग की गई तो कार में कुल 15 पेटी अंग्रेजी शराब कीमती करीबन 4,00,000 रूपए की रखी मिली, जिसके संबंध में कार में दोनों व्यक्तियों से दस्तावेज चाहने पर उनके द्वारा उक्त शराब के संबंध में कोई दस्तावेज न होना बताया गया। पुलिस ने गाड़ी में बैठे दो शराब तस्कर संजय एवं रोहन निवासी ग्वालियर को गिरफ्तार कर अवैध शराब तथा गाड़ी को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



# खाद्य विभाग द्वारा कार्यवाही कर 06 घरेलू सिलेण्डर किए जप्त

**निज संवाददाता**

मुरैना। घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक रूप से प्रयोग न हो। इसके लिए कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देशन में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक उमेश चन्द्र शर्मा ने गुरूवार को माँ कैलादेवी मिष्ठान भण्डार बानमौर, सांवरिया सेठ नास्ता कॉर्नर बानमौर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मां कैलादेवी मिष्ठान भण्डार बानमौर से 04 इण्डेन कंपनी के एवं सांवरिया सेठ नास्ता कॉर्नर बानमौर से 02 इण्डेन कंपनी के घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये। घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग पाये जाने पर मध्यप्रदेश आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी होटल, रेस्टोरेंट, नास्ता सेंटर, मैरिज होम संचालकों को निर्देशित किया है कि घरेलू गैस सिलेण्डरों का उपयोग न कर व्यावसायिक गैस सिलेण्डरों का नियमानुसार उपयोग करें।

# बरगवां गांव के रपटा पर मिली अविवाहित युवती की डेड बॉडी ग्वालियर में कराया गया पीएम

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले के सिहोनिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंवारी नदी बरगवां गांव के रपटा से गुरुवार की सुबह पुलिस ने 18 से 22 वर्ष की एक अविवाहित युवती की 6 से 7 दिन पुरानी लाश बरामद की है। देर शाम तक पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी रही लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। युवती की डेडबॉडी का पीएम ग्वालियर में कराया गया है। थाना प्रभारी पवन सिंह भदोरिया ने बताया कि गांव के कोटवार ने सूचना दी कि



बरगवां गांव के रपटा पर एक महिला की डेड बॉडी पड़ी हुई है। उक्त सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि उसकी डेडबॉडी काफी फूल गई, जिससे कुछ समझ नहीं आ रहा। संभावना जाहिर की जा रही है कि जलदहा किया गया हो अथवा नदी में बहने से उसकी मौत हुई हो। मृतका की उम्र 18 से 22 वर्ष के बीच बताई गई है और लाश 6 से 7 दिन पुरानी बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा उसकी पहचान करने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं, जिससे मामले की जानकारी प्राप्त हो सके।

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
राष्ट्रवादी विचार धारा · जय खेड़ापति सरकार
न डरते है न डराते है, सच उजागर करते हैं
भिण्ड/मुरैना/गुना
शिवपुरी,शुक्रवार 08 अगस्त 2025


# ज्ञान बल शक्ति श्रम आधारित सदुपयोगी जीवन जीएं : महर्षि अभय कात्यायन

## पं. दाताराम शास्त्री की द्वादश पुण्य स्मृति में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**निज संवाददाता**

भिण्ड। सरस्वती शिशु मन्दिर मौ के संस्थापक अध्यक्ष मनीषी पं. दाताराम भारद्वाज (शास्त्री) की द्वादश पुण्य स्मृति पर नरसिंह मन्दिर परिसर मौ में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम महर्षि अभय जी कात्यायन के सानिध्य, पूर्वमंत्री लालसिंह आर्य के आतिथ्य और वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता अशोक भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्वमंत्री एवं भाजपा अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रतिनिधि विद्याभारती भिण्ड रामानंद शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कात्यायन महाराज सहित मौजूद अतिथियों ने पं. दाताराम शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इसी क्रम में समाजसेवी अशोक भारद्वाज ने 10वीं के छात्र रोहित यादव और 12वीं परीक्षा में टॉप रहे ऋतिक अग्रवाल को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। वहीं स्कूल के अन्य मेधावी छात्रों को बैग और प्रमाण-पत्र देते हुए सम्मानित किया। मौ नगर पालिका अध्यक्ष पति सज्जन सिंह यादव भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर महर्षि अभय जी कात्यायन ने ज्ञानवर्धन पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी को ज्ञान, बल,



शक्ति और श्रम बढ़ाने पर जोर देना चाहिए और उसका सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने सनातन संस्कृति में रचे-बसे ज्ञानवर्धन पर जोर दिया। मुख्य अतिथि लालसिंह आर्य ने कहा कि संस्कारवान पढ़ाई कराने के लिए सरस्वती शिशु मन्दिर में बच्चों को पढ़ाईए। उन्होंने सरस्वती शिशु मन्दिर मौ के भवन के पहुंच मार्ग को बाधित करने वाले अतिक्रमण एवं भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए देने का आश्वासन दिया। समाजसेवी अशोक भारद्वाज ने बच्चों को बचपन से ही संस्कारवान बनाए जाने पर जोर देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज देश का अधिकांश युवा आत्मविश्वास से रिक्त है। वह कामयाब तो होना चाहता है, लेकिन काबिल नहीं बनना चाहता हैं। सफलता के पीछे भागने से सफलता प्राप्त नहीं होती है, काबिल बनने से कामयाबी चरणों मे आकर नतमस्तक हो जाती है। उन्होंने कहा कि विद्या ही एक ऐसा धन है जिसका कभी नाश नहीं होता है। यह मेरे पूज्य पिता का आशीर्वाद है कि आज मुझे इन प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं के अलावा मौ नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुकेश भारद्वाज, रणवीर यादव, प्रकाश चंद्र जैन, पदम जैन, रामाख्यार गुर्जर, पूर्व पार्षद महबूब खान, उदयवीर सिंह यादव, कमलेश कटारे, श्यामसुंदर कटारे, मास्टर रणविजय यादव, आरपी शर्मा, दामोदर लवानिया, इंजीनियर महेश श्रोत्रीय, श्रीराम शर्मा गुड्डू, शिवकुमार शर्मा, नरेन्द्र भारद्वाज, देवेन्द्र भारद्वाज, राजेन्द्र सिंह यादव, राधामोहन शर्मा, रमेश शर्मा, परमानंद शर्मा, राहुल शर्मा, देव चौधरी, आलोक शर्मा, हरिओम बघेल, कुलदीप कटारे, गोपाल सिंह कुशवाहा, फरेन्द्र सिंह सिकरवार, मर्याद सिंह यादव, महेन्द्र सिंह परिहार, अमृतलाल खटीक, पार्षद तोताराम यादव, धर्मेन्द्र यादव बाबा, ओमवीर शिवहरे सहित कई समाजसेवी, सरस्वती शिशु मन्दिर का स्टाफ और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी दबोह मंडल की बैठक आयोजित



**निज संवाददाता**

दबोह। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर गुरुवार को भाजपा दबोह मण्डल की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस पर आयोजित की गई, जिसमें मण्डल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित मौजूद रहे। बैठक में तिरंगा यात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के पश्चात तिरंगा यात्रा प्रभारी राव सहाब गुर्जर ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा 13 अगस्त को सभी कार्यकर्ता स्थानीय रेस्ट हाउस पर एकत्रित होकर यहीं से यात्रा प्रारंभ की जाएगी, जो नगर के कोच रोड आवास गृह, गणेश चौक, चौक मोहल्ला से होती हुई मंगलम गार्डन तक जाएगी, इसके पश्चात यह तिरंगा यात्रा बस स्टैण्ड के झण्डा चौक पर समापन की जाएगी। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र उपाध्याय, महामंत्री रविन्द्र चिकवा, वरिष्ठ नेता भगवान नायक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेन्द्र दुधारिया, पार्षद जगमोहन तेहरिया, लालता कुशबाह, पूर्व पार्षद शेरे पठान, नारायण सिंह दोहरे, अखलेश उदेनिया, अजमेर सिंह कौरव, ह्रदेश नायक, धर्मेन्द्र कुरचानिया, रविन्द्र शर्मा बघेड़ी, सुशील गोस्वामी, रामलखन शर्मा, संजीव सोनी, बाबा मुरावली उपस्थित रहे।

# विधायक की उपस्थिति में 14 अगस्त को लहार में निकलेगी तिरंगा यात्रा

## - तिरंगा यात्रा को लेकर सरयू गार्डन लहार में भाजपा की बैठक आयोजित

**निज संवाददाता**

लहार। भारतीय जनता पार्टी की मंशानुरूप भव्य तिरंगा यात्रा लहार नगर में 14 अगस्त को शाम 4 बजे नगर के मैथिली शरण गुप्त पार्क से निकाली जाएगी। जिसको लेकर गुरुवार को नगर के सरयू गार्डन में बैठक संपन्न हुई। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता नवल किशोर मिश्रा उपस्थित रहे। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी, सह संयोजक नरेश सिंह बघेल एडवोकेट



एवं मण्डल अध्यक्ष भाजपा लहार सुभाष अग्निहोत्री प्रमुख रूप से मौजूद रहे।इस मौके पर मुख्य वक्ता नवल मिश्रा ने कहा कि पार्टी की मंशा के अनुसार हमें नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन करना है, जिसमें लहार क्षेत्र के विधायक अम्बरीश शर्मा गुड्डू भी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। यात्रा के संयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी ने कहा कि हमें इस यात्रा के लिए प्राण प्रण से जुटकर लोगों के घर-घर जाकर यात्रा को भव्य बनाकर अपने लहार विधानसभा का नाम रोशन करना है। सह संयोजक नरेश सिंह बघेल एडवोकेट ने कहा कि तिरंगा यात्रा में हम गांव-गांव घर-घर जाकर लोगों को जिम्मेदारियां सौंपेंगे और जिन्हें जिम्मेदारी दी है उनके कार्यों की मॉनिटरिंग करके हर एक पहलू पर चर्चा करके यात्रा को भव्य बनाने का प्रयास करना है। मंच संचालन संजीव चौधरी ने एवं आभार व्यक्त रणवीर सिंह राठौर ने किया।इस मौके पर महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष नीलम शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष रामकुमार राठौर, अल्पसंख्यक मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष अरफाज खान, युवामोर्चा मण्डल अध्यक्ष छोटू तिवारी, राजेश गोस्वामी, अशोक राठौर, अंगद शुक्ला छिवाउली, पूर्व सरपंच भटपुरा मुंशी चौधरी, रामकुमार गतवार एडवोकेट, रोहित त्रिपाठी, रामस्नेही गुप्ता, विमल तेजपुरा, राजीव शर्मा रहावली, दुर्गेश शाक्य, छोटू शुक्ला, अन्नू त्रिपाठी, मधुर शर्मा, अनूप गुप्ता, विशाल चौरसिया, मुनेश बघेल आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बुढ़वा मंगल पर पॉलिथिन और इलायची दाना की बिक्री प्रतिबंधित : एसडीएम

## -मेला की तैयारियों को लेकर दंदरौआ धाम में बैठक आयोजित

**निज संवाददाता**

भिण्ड। आगामी दो सितंबर को बुढ़वा मंगल के अवसर पर आयोजित होने वाले दंदरौआ धाम मेले की तैयारियों के संबंध में रामबरन पुजारी की अध्यक्षता में मेहगांव एसडीएम नवनीत शर्मा ने गुरुवार को बैठक ली।एसडीएम मेहगांव नवनीत शर्मा ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बुढ़वा मंगल के दिन होने वाले मेले की सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने बुढ़वा मंगल पर पॉलिथिन और इलायची दाना की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाएगा, बिजली और पानी की व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, और सड़क किनारे की झाडियों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को



जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के लिए पानी की उपलब्धता और अस्थाई टॉयलेट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बीएमओ मेहगांव अनिल शर्मा को निर्देश दिए कि सभी गेटों पर एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए इसके अलावा डॉक्टरों की भी नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके।

उन्होंने कहा कि सीएमओ मेहगांव महेंद्र पुरोहित को मेले के दौरान सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है एमपीईबी को निर्देश दिए कि मेले के दौरान आवश्यक विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे 24 घंटे निर्बाध बिजली की आपूर्ति उन्होंने स्पष्ट किया कि मेले की अवधि में लाइट नहीं जानी चाहिए। इसके साथ ही कार्यपालन यंत्री को पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए पानी की टंकी की सफाई कराने और मार्ग में जगह-जगह पीने के पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर जलज त्रिपाठी, नितिन भदौरिया, सेकेट्री अशोक पाराशर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**निज संवाददाता**

भिण्ड। पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन (पुरुस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह) पीएआई 2.0 के सभी लाइन विभागों के सूचकांकों की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्टि कराने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत कार्यालय भिण्ड के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम बघेल, जिला पंचायत सीईओ सुनील दुबे, अपर कलेक्टर एलके पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य पंचायतों को सशक्त, पारदर्शी और कुशल बनाना है। पंचायत उन्नत सूचकांक के मास्टर ट्रेनर द्वारा पीएआई 1.0 के विमोचन करते हुए पंचायत उन्नत सूचकांक के अद्यतन पंचायत उन्नत सूचकांक वेबसाइट में करने के बारे में बताया गया एवं अन्य जानकारियों को ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, जिला अधिकारियों, जनपद अधिकारियों एवं जिला पंचायत के अधिकारी/कर्मचारी के समक्ष प्रदर्शित किया गया। कार्यशाला में अच्छा कार्य करने हेतु पंचायत उन्नत सूचकांक के आधार पर वित्त वर्ष में 'ए' एवं 'ए' प्लस कैटिगरी में आने हेतु सभी को प्रेरित किया गया।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत रोपे गए पौध

**निज संवाददाता**

मालनपुर। प्रकृति सुरक्षा एवं संरक्षा के तहत सरकार द्वारा देश भर में एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम रखे गए।



इसी मुहीम के तहत द सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड मालनपुर के द्वारा मेगा प्लांटेशन प्रोगाम का आयोजन दिनांक 7 अगस्त को ग्रीन बेल्ट एरिया मालनपुर में एक साथ 1051 पौधे रोपित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां चंबल संभाग के कमिश्नर मनोज खत्री (आईएएस) के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव तथा अन्य मंचासीन रहे। मौके पर अतिथि नगर परिषद मालनपुर अध्यक्षा रायश्री मुकेश किरार, पूर्व सरपंच मेहताब सिंह, पूर्व सरपंच मालनपुर सुरेंद्र शर्मा, सीजीएम एमपीआईडीसी डीके श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव लाइव तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रेहान अली, जीएम (डीआईसी) अमित शर्मा, अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर सुश्री नम्रता सोनी, मुकुल चतुर्वेदी सूर्या रोशनी, आदित्य शुक्ला नोवा, अभिषेक प्रियदर्शी गोदरेज, विष्णु दत्त शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, पटवारी संजय शर्मा, पटवारी अजय खरे तथा सुप्रीम इकाइयों के प्लाट हेड आदि भी मंच पर उपस्थिति रहे। ग्रीन बेल्ट लगभग 16 एकड़ में डेवलप किया जाना है। जल्द ही पूरा प्लांटेशन होकर मालनपुर के लिए एक सौगात सौपी जाएगी। इस कार्यक्रम में समस्त अतिथियों का स्वागत-सम्मान कार्यक्रम के पश्चात मंचीय उद्बोधन हुआ। जिसमें मंचासीन अतिथियो ने पेड़ों के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण पर लोगों को संबोधित किया। तत्पश्चात पौधारोपण कार्यक्रम में सभी ने पौधारोपण किया।

# अति वृष्टि और बाढ़ प्रभावित किसानों को सरकार शीघ्र मुआवजा दें

## - भारतीय किसान संघ ने अटेर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**निज संवाददाता**

भिण्ड। भारतीय किसान संघ जिला भिण्ड के कार्यकर्ताओं ने बाढ़ पीड़ित क्वारी नदी के किसानों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि हमारी सब्जी और फूलों की खेती बर्बाद हो गई है, सरकार का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी हमारे कष्टों को सुनने नहीं आया। किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने गंभीर सिंह भदौरिया अटेर तहसील के नेतृत्व में एसडीएम पराग जैन से चर्चा कर एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि अति वृष्टि और बाढ़ में हुए नुक्सान का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाए, किसानों के साथ पिछले साल की तरह धोखा किया गया तो किसान आंदोलन



करने को मजबूर होंगे। भिण्ड जिले में अटेर में सर्वाधिक प्रकरण नक्शा सुधार के लंबित हैं, बंदोबस्त के समय अधिकांश गांवों के नक्शे खराब कर दिए थे, आज किसान सीमांकन कराता हैं तो मिलान नहीं होता, राजस्व अधिकारी और पटवारी इस बात की रिपोर्ट दे चुके हैं कि नक्शे गलत है फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है, किसानों के नक्शा सुधार के आवेदन चार चार वर्षों से लंबित पड़े हैं, लेकिन सुधार नहीं हो रहा है। सार्वजनिक तालाबों को तोड़ा जा रहा है, लेकिन तालाब तोडने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसलिए किसान संघ मांग करता है कि किसानों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाए। ज्ञापन देते समय प्रतिनिधि मण्डल में नमोनारायण दीक्षित, अवधेश सिंह कुशवाह, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह नरवरिया, यतेन्द्र सिंह गुर्जर, श्रीकांत, राजू भटेले शामिल थे।

# संस्कारी शिष्य ही उन्नत भविष्य का निर्माण करते हैं : सोनिया अग्रवाल

## - भाविप शाखा जागृति का गुरू वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

**निज संवाददाता**

भिण्ड। संस्कार युक्त शिक्षा की वर्तमान में बहुत आवश्यकता है, वर्तमान शिक्षा पद्धति हमें भौतिकवादी बनाती जा रही है, ऐसी स्थिति में हमारे संस्कार पीछे छूट रहे हैं, इसलिए हमें अपने संस्कारों से जुड़कर रहना है, जिससे कि हम सफल भविष्य का निर्माण कर सकें। हमें बच्चों के मन में तीज-त्यौहार, जन्मदिवस, परंपराएं इत्यादि सामूहिकता के साथ बनाने का भाव विकसित करना होगा। इससे उनमें सामूहिकता, सामाजिकता और संस्कार विकसित होंगे। यह विचार शाखा जागृति की सचिव सोनिया अग्रवाल ने भगत हाईस्कूल में चलाए जा रहे गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा गुरू वंदन छात्र अभिनंदन का क्रम 25 विद्यालय में संपन्न



किया जाएगा।शाखा सदस्य कमलेश जुनेजा ने कहा कि गुरू के बिना छात्र को ज्ञान मिलना संभव नहीं है सभी छात्रों को सदैव अपने गुरुओं का आदर करना चाहिए और उनके द्वारा दी जा रही शिक्षा का अनुपालन करना चाहिए। हमारे देश में गुरु शिष्य परंपरा बहुत महान है। अध्यक्ष गगन शर्मा ने परिषद के गठन और उद्देश्य के बारे में समझाया। भारत विकास परिषद गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है, इसका उद्देश्य समाज में सेवा, समर्पण, संस्कार और संपर्क के माध्यम से हमारी परंपराओं एवं आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए सेवा कार्य करना है। कार्यक्रम में विद्यालय के 11 मेधावी छात्र-छात्राओं तान्या जैन, मिस्टी जैन, अंजलि सोनी, लव माथुर, अमन खान, प्रियांशी राठौर, वंशिका, आदर्श सेंगर एवं पलक अग्रवाल का सम्मान प्रमाण पत्र एवं मेडल के साथ किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के 14 गुरुओं का सम्मान भी जागृति शाखा के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण एवं तिलक बंदन करके किया गया। इस अवसर पर गुरू वंदन छात्र अभिनंदन प्रकल्प के संयोजक प्रवेन्द्र शर्मा, सहसचिव राहुल यादव, अनिता बंसल, कमलेश जुनेजा, राजकुमार शर्मा एवं परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# न्यू रियान ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में श्रमिकों का शोषण

## -12-12 घंटे कराया जा रहा है काम, ना ईएसआई ना पीएफ

**निज संवाददाता**

मालनपुर। औद्योगिक क्षेत्र में संचालित न्यू रियान ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार की सांठगांठ कर श्रमिकों का हक खा रहे हैं और उनसे 12-12 घंटे काम करा रहे हैं। जिसका डबल भुगतान भी नहीं कर रहे।एक श्रमिक के द्वारा नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि ठेकेदार और कंपनी में कार्यरत श्रमिकों से 12 घंटे काम कराया जाता है और श्रमिकों का ईइसआई और



पीएफ नहीं काटा जा रहा है। श्रमिक का हक फैक्ट्री प्रबंधन और ठेकेदार सांठगांठ कर डकार रहे हैं। श्रमिकों से ओवरटाइम कराए जाने के संबंध में जिम्मेदार श्रम अधिकारी मुरारी सिंह नरवरिया को कई बार मौखिक रूप से अवगत कराया गया लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन और श्रम अधिकारी की जुगलबंदी के चलते फैक्ट्री पर कार्रवाई करना तो दूर श्रमिकों से बातचीत करना भी उचित नहीं समझा। इस संबंध में स्थानीय श्रमिक नेता पहले ही औद्योगिक सुरक्षा अधिकारी, भविष्य निधि और ईएसआई अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। बावजूद भी कंपनी पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

# न्यायालय के आदेश पर हितग्राही को दिलाया कब्जा

**निज संवाददाता**

गोहद। गोहद न्यायालय में लगभग 10 वर्षों से संचालित मकान के प्रकरण का मालिकाना हक हितग्राही को दिलाया गया। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। न्यायालय आयुष कनेल व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ खण्ड गोहद के



प्र.क.13/24 मुन्नीदेवी उपाध्याय एवं ब्रजेश उपाध्याय क मण कब्जा 7 अगस्त को नायव नाजिर द्वारा डिग्री धारक ब्रजेश उपाध्याय को न्यायालय आदेश पर कब्जा दिलाया। वर्ष 2009 से मकान बनाने के दौरान तीनों लोगों ने विवाद खड़ा किया था। जिसकी थाना गोहद चौराहा, तहसीलदार, एसडीएम एवं अदालत में शिकायत करते हुए मुकदमा चला। जिसमें हाइकोर्ट ने भी 23 जुलाई को फरियादी के पक्ष में फैसला सुनाया था। फरियादी के पिता केशव उपाध्याय का देहांत 5 अक्टूबर 2023 को बीमारी के दौरान हो गया था। प्रकरण में पैरवी अशोक पचौरी एडवोकेट ने की।

# परिवार के बुजुर्गों के साथ समय बिताए एवं उनकी शारीरिक एवं भावनाओं का रखे ख्याल: डॉक्टर पंकज शर्मा

## सी.एम.ई ओल्ड इज गोल्ड 360 केयर फॉर एल्डरली का हुआ आयोजन, अस्थि रोगों की नई तकनीकी पर किया गया मंथन

निज संवाददाता

शिवपुरी। श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिधिंया चिकित्सा महाविद्यालय एवं शिवपुरी डीन डॉक्टर डी.परमहंस, अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष चौऋषि के मार्गदर्शन एवं प्राध्यापक अस्थि रोग विभाग के विभागध्यक्ष डॉ पंकज शर्मा के नेतृत्व एवं ऑर्थोपेडिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के आवाहन पर ओल्ड इज गोल्ड 360 केयर फॉर एल्डरली थीम पर बोन एवं ज्वांइट वीक के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ आर.के.एस. धाकड़, अधिष्ठाता, गजराराजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर वशिष्ठ अतिथि डॉ संजय ऋषिश्वर शिरकत की। इस कार्यशाला का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और अस्थि रोग से संबंधित रोगों की जटिलतायों पर चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं जागरूकता फैलाना है।



कार्यक्रम के दौरान डीन डॉक्टर डी.परमहंस ने ओल्ड इज गोल्ड 360 केयर फॉर एल्डरली कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में जागरूकता आती है। कूल्हे के जोड़ की जन्मजात विकृतियों के इलाज की विधियों, रीढ़ के फ्रेक्चर के इलाज के बारे में अनुभव साझा किए। इसके साथ ही पीपीटी के माध्यम से बोन एवं ज्वांइट पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ आर.के.एस. धाकड़, अधिष्ठाता, गजराराजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर ने कहा कि 60 मिलियन वृद्ध भारतीय ओस्टियोपोरोसिस (हड्डी की कमजोरी) के शिकार है जिसकी रोकथाम एवं उपचार के लिये बहु विषयक दृष्टिकोण की जरूरत है। इसी क्रम में विशिष्ठ अतिथि डॉ संजय ऋषिश्वर ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ के लिये। नवीनतम तकनीकों और उपचारों के लिये सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ का लाभ लेने की बात कही। वही अतिथि वक्ता के रूप में आये डॉ अभिलेख मिश्रा ने कुल्हे के फ्रेक्चर प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की। इसी दौरान डॉ पंकज शर्मा सी.एम.ई. चेयर मैन एवं सेक्रेटरी शिवपुरी ऑर्थोपैडिक सोसाइटी ने फॉल प्रिवेंशन पर प्रकाश डालते हुये वृद्धों के गिरने की घटनाओं को रोकने के लिये प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की और बताया कि परिवार के बुजुर्गों के साथ समय बिताना चाहिये और उनकी शारीरिक एवं भावनात्मक जरूरतों का ध्यान रखना चाहिये।

### ये हुए सम्मानित

आई.ओ.ए. की पहल पर गोल्डन अचीवर अवार्ड रमेश अग्रवाल को प्रदान किया गया। रमेश अग्रवाल, अध्यक्ष अपना घर आश्रम शिवपुरी को दिव्यांग, वृद्ध व्यक्तियों के लिये उत्कृष्ठ कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें उनके अद्वितीय योगदान एवं समर्पण के लिये दिया गया। वहीं अस्थि एवं जोड रोग विभाग के प्रथम मरीज राम सेवक गुप्ता के आई.ओ.ए. गोल्डन अवार्ड ऑर्थोपेडिक्स डिसेबलीटी से उभरने व पहले मरीज होने पर दिया गया।

# खेल परिसर में बास्केटबॉल और फुटबॉल की नर्सरी प्रारम्भ

निज संवाददाता

शिवपुरी- शहर के जाधव सागर स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में कलेक्टर रविन्द्र चौधरी के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जिला खेल अधिकारी डॉ.के.के.,खरे के द्वारा खेल परिसर में बास्केटबॉल और फुटबॉल खेल की नर्सरी प्रारम्भ की गई है जिसमें बच्चों को बास्केटबॉल और फुटबॉल खेल से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे है, दोनों खेल ओलंपिक खेल है जो की पूरे विश्व भर में काफ़ी लोकप्रिय है।



जिला खेल अधिकारी डॉ.के.के.खरे ने बताया कि वर्तमान में खेल परिसर में बहुत सारी खेलों की सुभिधाये विकसित हो चुकी है जिनमे अब बास्केटबॉल और फुटबॉल की नर्सरी की शुरूआत कर दी गई है ऐसे बच्चे जो खेलो के माध्यम से आगे बढ़ना चाहते है वह खेल परिसर पहुंचकर दोनों खेलो में से किसी एक खेल में भाग ले सकते है। बताना होगा कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेलों मध्यप्रदेश यूथ गेम्स का आयोजन प्रदेश में आयोजित किया जाएगा जिसमें कई खेलों में बच्चे भाग लेगे। इसी को ध्यान में रखते हुए बास्केटबॉल और फुटबॉल की नर्सरी प्रारंभ की गई हैं ताकि बच्चे एसजीएफआई प्रतियोगिताओं में तो हिस्सा ले ही, साथ में खेलों मध्यप्रदेश यूथ गेम्स में भी भाग ले सके और जिले का नाम रोशन कर सके।

# श्री नारायण हरि महाराज सत्संग में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### गांधी पार्क में सेवादारों ने संभाली व्यवस्थाओं, मानवता और सनातन एकजुटता का दिया संदेश

निज संवाददाता

शिवपुरी-शहर के गांधी पार्क मैदान में गत दिवस श्री नारायण हरि महाराज सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें शामिल सेवादारों में जहां पुरूषों ने सुरक्षा और पाण्डाल की व्यवस्थाओं का जिम्मा संभाला तो वहीं दूसरी ओर महिलाओं ने जलपान सहित अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर गांधी पार्क में श्री नारायण हरि महाराज सत्संग में श्रद्धा का सैलाब उमड़ता हुआ देखने को मिला जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरूष नाचते-गाते हुए श्रीहरि सत्संग में धर्मलाभ प्राप्त कर रहे थे। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए



बिना किसी तामझाम के श्रीहरि के रूप में गद्दी सजाई गई जिसको सभी ने प्रणाम किया और निराकार को आकार मानते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। यहां अनेकों श्रद्धालु ऐसे भी देखने को मिले जिन्होंने श्री नारायण हरि सत्संग में शामिल होकर इसके प्रभाव से प्रभावित दिखे, ऐसे सभी श्रद्धालुओं ने अपने अनुभवों को यहां सांझा किया और सभी ने मानवता और सनातन एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर गांधी पार्क स्थित पाण्डाल को आकर्षक सजाटव के साथ सजा गया जिसमें पृथक-पृथक पुरूष-महिलाओं को एकत्रित होने और बैठने के लिए पर्याप्त चाक चौबंद व्यवस्थाऐं रही। यहां जलपान, छांव और संगीत की सुमधुर लहरों के बीच श्रद्धालुओं ने श्री नारायण हरि सत्संग में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। यहां ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, पोहरी, करैरा, कोलारस, बदरवास सहित दूर-दराज से आए श्री नारायण हरि सत्संग से जुड़े श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर युवाओं में उत्साह चरम पर अब तक 2518 युवा हुए शामिल

### भिंड एवं मुरैना जिलों के 736 उम्मीदवारों ने दी उपस्थिति, 351 ने दौड़ परीक्षा की उत्तीर्ण

निज संवाददाता

शिवपुरी-अग्निवीर सेना भर्ती रैली के अंतर्गत शिवपुरी जिले के शासकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय शिवपुरी में चल रही भर्ती प्रक्रिया के चौथे दिन युवाओं का उत्साह देखते ही बनता है। मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से अब तक कुल 2518 युवा इस भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित हो चुके हैं, जो भारतीय सेना के प्रति युवाओं के जुनून और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है।गुरुवार को आयोजित भर्ती के चौथे दिन मध्यप्रदेश के भिंड और मुरैना जिलों



से कुल 736 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। युवाओं ने पूर्ण अनुशासन, उत्साह एवं शारीरिक दृढ़ता के साथ प्रतिस्पर्धा की, जिसमें से 351 उम्मीदवारों ने दौड़ परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। दौड़ में सफल अभ्यर्थी अब शारीरिक दक्षता, दस्तावेजों की जांच और चिकित्सकीय परीक्षण जैसी अगली आवश्यक चरणों की प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे। जिला प्रशासन शिवपुरी एवं सेना भर्ती कार्यालय ग्वालियर के संयुक्त प्रयासों से संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संचालित हो रही है। युवाओं में रैली को लेकर अपार उत्साह है तथा भारतीय सेना में शामिल होने का जज्बा स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। युवाओं से अपील की है कि वे केवल योग्यता और मेहनत के बल पर भर्ती प्रक्रिया में भाग लें और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति, दलाल अथवा अफवाहों के बहकावे में न आएं। भारतीय सेना में चयन पूर्णतः निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ही होता है।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने प्रोग्रेसिव पेंशनर्स के लिए मुख्यमंत्री के नाम लिखा पत्र

### स्वास्थ्य बीमा दिलाने का किया आग्रह, पेंशनर्स ने पत्र व्यवहार के लिए माना आभार

निज संवाददाता

शिवपुरी-प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा शिवपुरी की ओर से बीती 17 जुलाई 2025 को मध्यप्रदेश के 70 वर्ष से कम आयु वर्ग के पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखने एवं शिवपुरी नगर के कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया मार्ग पर माधवचौक चौराहे के पास पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से सड़क के मध्य डिवाइडर बनाने तथा इसी मार्ग पर परिणय वाटिका के सम्मुख स्थित भुजरिया तालाब जिसमें प्रतिवर्ष नगर की हजारों की संख्या में महिलाएं भुजरिया सिरानै एवं हिंदू पर्व मोर छठ जिसमें महिलाएं पूरे वर्ष में हुई युवक एवं युवतियों की शादी के मोर सिरने आती है, सनातन धर्मी महिलाओं का यह स्थान आस्था का केंद्र है इसको विकसित कर मनोरम बनाने हेतु पत्र लिखे गए थे। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक सक्सैना ने बताया कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने एवं भुजरिया तालाब के उन्नयन हेतु कलेक्टर शिवपुरी को पत्र लिख दिया गया है।

# साइबर अपराध मामले में युवक को मिली जमानत युवा अधिवक्ता की सूझबूझ से हाईकोर्ट से मिली राहत

### शिवपुरी के नव युवा अधिवक्ता राशि गांधी ने की अभियुक्त की ओर से पैरवी

निज संवाददाता

शिवपुरी- राजस्थान उच्च न्यायालय ने एक जटिल और बहु-आरोपित साइबर अपराध प्रकरण में आरोपी को नियमित जमानत प्रदान की है। यह निर्णय अभियुक्त की दो बार पूर्व में खारिज हो चुकी जमानत याचिकाओं के बाद आया, जब तीसरी बार प्रस्तुत याचिका में परिस्थितियों के नए तथ्य और सह-आरोपियों को मिल चुकी राहत को आधार बनाकर सफलतापूर्वक तर्क रखा गया।मूल प्रकरण वर्ष 2024 में दर्ज एक एफआईआर से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धाराएं 419, 420, 120-बी तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-डी के तहत मामला दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि आरोपी एक संगठित साइबर गिरोह से संबद्ध था जो बैंकों के



खातों का अनुचित उपयोग कर डिजिटल धोखाधड़ी को अंजाम देता था। आरोपी जून 2024 से न्यायिक हिरासत में था। इससे पूर्व उसकी दो जमानत याचिकाएं क्रमशः अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में खारिज हो चुकी थीं। तीसरी याचिका में शहर शिवपुरी के नव युवा अधिवक्ता राशिल गांधी ने न्यायालय के समक्ष स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि न केवल अभियोजन के दो प्रमुख गवाहों ने आरोपी के विरुद्ध कोई प्रत्यक्ष आरोप नहीं लगाए हैं, बल्कि आरोपी के व्यक्तिगत बैंक खातों में कोई संदिग्ध लेन-देन भी नहीं पाया गया है।एड. श्री गांधी द्वारा न्यायालय को यह भी अवगत कराया गया कि अभियुक्त की कोई पूर्व आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी दर्शाया कि यह मामला मजिस्ट्रेट न्यायालय में विचारणीय है और इसमें अंतिम निष्कर्ष तक पहुँचने में अपेक्षाकृत समय लग सकता है। वहीं अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए तर्क दिया कि आरोपी गिरोह का सक्रिय सदस्य था और कमीशन के एवज में बैंक खातों का उपयोग करने की अनुमति दी थी, जिनके माध्यम से उच्च मूल्य के लेन-देन हुए थे। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात माननीय उच्च न्यायालय ने यह माना कि वर्तमान साक्ष्य आरोपी की प्रत्यक्ष संलिप्तता को स्थापित नहीं करते हैं और अभियोजन का मामला फिलहाल प्राथमिक स्तर पर ही है। ऐसे में, अभियुक्त को सशर्त नियमित जमानत प्रदान की गई। यह निर्णय न केवल अभियुक्त को राहत देने वाला है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि यदि विधिक पक्ष को तथ्यात्मक आधार पर मजबूती से प्रस्तुत किया जाए, तो न्यायालय पूर्व में खारिज की गई याचिकाओं पर भी सकारात्मक विचार कर सकता है। नव युवा अधिवक्ता राशिल गांधी की यह सफलता न केवल उनकी विधिक सूझबूझ का प्रमाण है, बल्कि यह युवा अधिवक्ताओं के लिए एक प्रेरणा भी है कि सतत परिश्रम, विधिक अध्ययन और धैर्य से जटिल से जटिल मामलों में भी न्याय प्राप्त किया जा सकता है।

# श्रीराम भक्त परिवार का 22वां श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व वार्षिकोत्सव 16 अगस्त को

निज संवाददाता

शिवपुरी- विगत 28 वर्षों से श्री राम भक्त परिवार लगातार हर शनिवार को निःशुल्क सुंदरकांड पाठ करता आ रहा है साथ ही साथ 22 वर्षों से श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम श्री चिंताहरण दरबार पर आयोजित करता चला आ रहा है। इसी क्रम में 22वें श्री कृष्ण जन्मोत्सव/वार्षिकोत्सव का आयोजन आगामी 16 अगस्त शनिवार को सर्वप्रथम श्री रामचरितमानस अखंड पाठ प्रातः8 बजे से शुरुआत होगी और सांय 5 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, इसके साथ ही एक भजन संध्या सांय 7 बजे से रखी गई है और भजनों को आनंदित कराने वाले श्रीश्याम म्यूजिकल ग्रुप को आमंत्रित किया गया है। जिसमें मुख्य आकर्षण का केन्द्र भजन ये चमक ये दमक,फुलवन मां महक सब कुछ सरकार तुम्हई से है, होगा जो - सुनना ना भूलें और रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही भव्य तरीके से मनाया जाएगा। अगले दिन 17 अगस्त रविवार को वार्षिकोत्सव का समापन हवन, शांति, पूर्णाहुति प्रातः 10:30 बजे से होगी और समापन पर भंडारा प्रसादी वितरण दोपहर 12:30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल श्री चिंताहरण मंदिर, छत्री रोड़ पर रहेगा। श्रीराम भक्त परिवार शिवपुरी की ओर से सभी धर्म प्रेमियों से निवेदन है कि भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के इस भव्य आयोजन में सपरिवार अपने इष्ट मित्रों के साथ वातावरण को आनंदित कर धर्म लाभ उठाएं।



# अभा जानकी सेना ने निकाली तृतीय विश्व शांति कावड़ यात्रा

### महामंडलेश्वर एवं राष्ट्रीय संत हुए शामिल

निज संवाददाता

शिवपुरी-अखिल भारतीय जानकी सेना संगठन जो साढ़े दस वर्षों से संपूर्ण विश्व की शांति, मानव कल्याण हेतु सुंदरकांड का पाठ करती चली आ रही। इसी क्रम में सोमवार को सैंकड़ों जानकी सैनिकों ने संगठन की मातृ शक्ति के साथ विश्व शांति की कामना हेतु तृतीय वार्षिक कावड़ यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ प्राचीन स्थल बाणगंगा से प्रारंभ की और 6 किलोमीटर पैदल चलकर नेशनल पार्क के घसाराई स्थित एकांतेश्वर महादेव मंदिर पर शिव जलाभिषेक किया।अभा जानकी सेना संगठन के महासचिव नरेशप्रताप सिंह (बॉबीराजा) ने बताया कि गत दिवस श्रावण मास के अंतिम सोमवार को



संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत के नेतृत्व में भव्य तृतीय विश्व शांति कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में खास बात यह रही कि शिवाभिषेक के लिए दो दिन पूर्ण उज्जैन जाकर जानकी सैनिक क्षिप्रा का जल लेकर आए और उसी से अभिषेक किया। इस विशाल यात्रा में संगठन से जुड़े राष्ट्रीय संत भी पधारे जिनमें संगठन के राष्ट्रीय विस्तारक महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास, अनसुईया आश्रम महंत श्याम सुंदरम दास, राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता अजय शंकर भार्गव, एकता परिषद के संयोजक रामप्रकाश शर्मा, पुरुषोत्तम कांत शर्मा सहित सैंकड़ों जानकी सैनिक और महिला सदस्य शामिल रहीं। शिव अभिषेक के बाद यहां संगठन द्वारा विशाल भोजन, भंडारा प्रसादी का आयोजन किया और प्रसाद वितरण किया। संगठन प्रति वर्ष अलग-अलग शिवालयों में यह यात्रा निकाल रहा है। अगले वर्ष यह यात्रा शहर के शिवालय के लिए निकली जाएगी।

# पौधरोपण कर उनकी देखरेख में वृक्ष बनाने की प्रक्रिया में बनें सहभागी : द्वितीय कमान अधिकारी नवीन चन्द्र

### रेडिऐन्ट की 25 वीं स्थापना दिवस पर रोपे गए 25 फलदार पौधे

निज संवाददाता

शिवपुरी-निस्वार्थ भाव से सद्कर्म करेंगे, तब उसके सुखद परिणाम आपको और भविष्य की पीढ़ी को मिलेंगें, पौधेरोपण व उनकी देखरेख कर वृक्ष बनाने की प्रक्रिया में आप और हम भागीदारी कर सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करें। उक्त उद्गार रेडिऐन्ट ऐजूकेशन ग्रुप के 25वीं सालगिरह सिल्वर जुबली अन्तर्गत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के द्वितीय



कमान अधिकारी नवीनचन्द्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।इस अवसर पर रेडिएण्ड कॉलेज के अखलाक खान ने सिल्वर जुबली समारोह वर्ष में प्रस्तावित कार्यक्रमों से अवगत कराया तत्पश्चात् मुख्य अतिथि श्रीमति-श्री नवीन चंद्र ने आम का पौधा रोप कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मीडिया साथी भी मौजूद रहे जिन्होंने यहां विभिन्न फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया और रेडिएंट परिवार को उनके सिल्वर जुबली स्थापना वर्ष की शुभकामनाएं दीं। रेडिऐन्ट ग्रुप के संचालक शाहिद खान ने बताया कि रेडिऐन्ट के गौरवशाली पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर इमली, अंजीर, आम, किन्नू, सीताफल, अमरूद, चीकू सहित 25 फलदार पौधे रोपे गए हैं। दून स्कूल की डायरेक्टर डॉ. खुशी खान ने अतिथिगण का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकर स्वामी प्रकाशक महेंद्र तिवारी द्वारा तिवारी आर्टस गुड़ी गुडा का नाका 14 बटालियन लश्कर जिला ग्वालियर से मुद्रित कराकर -प्रकाशित नियर मठ छोटा बाजार तहसील करेरा जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश संपादक मनीष तिवारी -प्रबंधक संपादक धैर्यवर्धन शर्मा -समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र करेरा होगा मोबाइल नंबर 9074692488/9589886958/9826061240/-ईमेल आईडी-navneete&pressxx@gmail.com